डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा



वर्ष-11 अंक-50 | प्रयागराज, रविवार 11 दिसंबर 2022 से शनिवार 17 दिसंबर 2022 तक | पृष्ठ- 8 | मूल्यः 3 रूपये

सिनेमाः-सलमान खान ने निकाला टीना दत्ता को शो से बाहर राहुल वैद्य ने 'बताई सच्चाई, बोले- हां लेकिन - पेज.नं0-08

## संक्षिप्त समाचार

### हिमाचल में सीएम पद की रेस में कई चेहरे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय में हुई विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में प्रस्ताव पास किया गया कि सीएम का नाम कांग्रेस आलाकमान तय करेंगे। राजीव शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल की आज हुई बैठक में सभी 40 विधायकों ने हिस्सा लिया और सभी ने



सर्वसम्मति से राज्य का मुख्यमंत्री चुनने का फैसला पार्टी आलाकमान पर छोड़ने का प्रस्ताव पारित किया 1- मुख्यमंत्री पद की रेस में प्रतिभा सिंह, मुकेश अग्निहोत्री और सुखविंदर सिंह सुक्खू का नाम सबसे आगे है। शुक्रवार को तीनों नेता अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक के लिए पार्टी कार्यालय पहुंच थे 2- शक्रवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक दोपहर 3 बजे शुरू होने वाली थी, लेकिन इसमें देरी हुई क्योंकि कई विधायक पहले दूर-दराज के इलाकों से शिमला नहीं पहुंच पाए थे। उम्मीद की जा रही है कि विधायक दल के नेता को चुनने के लिए कांग्रेस प्रमुख को अधिकृत करते हुए एक प्रस्ताव पारित करेंगे कि कौन हिमाचल का अगला मुख्यमंत्री होगा।3- हिमाचल प्रदेश कांग्रेस विधायक दल ने फैसला किया कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री पार्टी आलाकमान द्वारा तय किया जाएगा। 4- पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की विधवा प्रतिभा सिंह के समर्थकों ने प्रतिभा सिंह के लिए शक्ति प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कार को शिमला के एक पांच सितारा होटल के बाहर रोक दिया। 5- भूपेश बघेल और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को कांग्रेस ने पहाड़ी राज्यों में अपने केंद्रीय पर्यवेक्षकों के रूप में नियुक्त किया है और एक सर्वसम्मत उम्मीदवार खोजने का काम सौंपा गया है।6-शुक्रावर को राज्य के कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला के साथ दो केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात की।

## अश्लील फिल्मों पर सरकार ने की कार्रवाई, लोकसभा में आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने दिया जवाब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** इस साल की शुरूआत में, सरकार ने अदालत के फैसले और आइटी नियमों का उल्लंघन करने के लिए इंटरनेट कंपनियों को 67 अश्लील वेबसाइटों को ब्लॉक करने का आदेश दिया था। दूरसंचार विभाग (अदऊ) ने इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स को भेजे गए एक इमेल में 60 से अधिक अश्लील वेबसाइटों को ब्लॉक करने का आदेश जारी किया था। इसी कड़ी में अब आइटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में इसको लेकर जानकारी साझा की है।लोकसभा में एक लिखित जवाब में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने अश्लील वेबसाइटों पर बैन, इसके पीछे के उद्देश्य, सजा और दंड की जानकारी साझा की है। राजीव ने साइबर अपराधों से निपटने के लिए सरकार ने क्या बड़े कदम उठाए हैं इसको लेकर भी जिक्र किया। बता दें कि 67 अश्लील वेबसाइटों को



इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय द्वारा जारी किए गए अदालती आदेशों के बाद ब्लॉक किया गया हैं। बता दें कि नए आईटी नियम, 2021 का नियम 3 (2) (बी) किसी भी व्यक्ति को निजी क्षेत्र को उजागर करने वाले किसी भी कंटेंट को हटाने का अधिकार देता है।राजीव ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (आईटी अधिनियम) के तहत अश्लील सामाग्री के प्रकाशन या प्रसारण करने वाले पर धारा 67ए और 67बी के तहत दंडित किया जाएगा। इसमें 3 से 5 साल तक की कारावास की सजा का उल्लेख है। बता दें कि वर्ष 2015 में भी भारत सरकार ने 800 से अधिक अश्लील वेबसाइटों पर बैन लगा दिया था। इस प्रतिबंध के बाद आक्रोश और अंतर्राष्ट्रीय कवरेज भी काफी देखने को मिली थी। बाद में सरकार ने ये तर्क दिया था कि ये प्रतिबंध केवल बच्चों से जुड़ी अश्लील वेबसाइट्स को प्रतिबंधित करने की जरूरत है।

## 'मुलाकात से नहीं पड़ेगा कोई फर्क', महा प्रतिनिधिमंडल के अमित शाह से मिलने पर कर्नाटक के सीएम का बयान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बेंगलुरु।** बेलगावी को लेकर कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच चल रहा विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। पिछले दिनों कर्नाटक में महाराष्ट्र से गए वाहनों पर पत्थरबाजी और तोड़फोड़ के बाद ये विवाद और भी बढ़ गया है। इस बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने एक बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि बढ़ते सीमा विवाद को लेकर महाराष्ट्र प्रतिनिधिमंडल की अमित शाह से मुलाकात से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। बोम्मई ने जोर देते हुए कहा कि उनकी सरकार इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करेगी सीएम बोम्मई के मुताबिक, कर्नाटक के संसद सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल को सीमा मुद्दे के संबंध में अमित शाह से मिलने को कहा गया है। इसके अलावाा सीएम खुद जल्द ही केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात करेंगे और सीमा विवाद को लेकर चर्चा करेंगे उल्लेखनीय है कि सीमा विवाद को लेकर महाराष्ट्र विकास अघाड़ी



से सासंदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने 9 दिसंबर को अमित शाह से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के बाद कर्नाटक के सीएम ने देर रात ट्वीट किया, 'महाराष्ट्र प्रतिनिधिमंडल के केंद्रीय गृह मंत्री से मिलने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। महाराष्ट्र ने पहले भी ऐसा करने की कोशिश की है। मामला सुप्रीम कोर्ट में है। सुप्रीम कोर्ट में हमारा वैध मामला मजबूत है। हमारी सरकार मामले में कोई समझौता नहीं करेगी।'सीएम बोम्मई ने बताया कि कर्नाटक के सांसद सीमा मुद्दे को लेकर 12 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलेंगे। इसके अलावा राज्य के वैध रुख के बारे में सूचित करने के लिए खुद बोम्मई जल्द ही केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात करेंगे। 9 दिसंबर को हुई बैठक के बाद, एनसीपी नेता अमोल कोल्हे, जो महाराष्ट्र के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे, ने कहा कि अमित शाह सीमा विवाद पर गुस्सा शांत करने के लिए 14 दिसंबर को दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मिलेंगे सीमा का मुद्दा 1957 में भाषाई आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के बाद का है।

## केरल के राज्यपाल ने समान नागरिक संहिता का किया समर्थन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान (र्खेर्त उदनेहदे ंर् शर्दर्म्स् र्खेह) ने समान नागरिक संहिता (ळहर्दिस् ण्न्न्त् ण्द) लाने का समर्थन किया और कहा कि जिसने भी संविधान की शपथ ली है, वह इसका कभी विरोध नहीं करेगा। शुक्रवार को समान नागरिक संहिता पर जब उनकी राय पूछी गई



तो उन्होंने कहा, 'संविधान की शपथ लेने वाला कोई भी व्यक्ति यह नहीं कहेगा कि इसे नहीं आना चाहिए। आरिफ मोहम्मद खान ने एक कार्यक्रम में कहा, 'हिंदू कोड पहले से ही है, क्या यह हिंदुओं, सिखों और जैनियों में एकरूपता लाता है? हम विविधता वाले देश हैं। समान नागरिक संहिता विवाह या रीति-रिवाजों के बारे में नहीं है... यह समान न्याय के बारे में है।' उन्होंने कहा, 'ऐसे कई मामले हैं, जहां लोगों ने दो पत्नियां रखने के लिए धर्म परिवर्तन किया है। मैं किसी का नाम नहीं लूंगा।' हिजाब को लेकर हालिया विवाद पर केरल के राज्यपाल ने कहा, 'बुर्का पहनने से कौन रोक रहा है? यह एक स्वतंत्र राष्ट्र है, लेकिन संस्थानों को भी अपना ड्रेस कोड रखने का अधिकार है।' उन्होंने कहा, 'ऐसी कई संस्थाएं हैं, जो हिजाब की अनुमति देती हैं। कोई भी वहां जा सकता है।शाह बानो मामले पर टिप्पणी करते हुए खान, जिन्होंने 1986 में इस मुद्दे से निपटने के लिए नेतृत्व के साथ मतभेदों के कारण कांग्रेस छोड़ दी थी, ने कहा कि वह अपने विचारों पर कायम हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने कहा था कि कानून बनाना कोई बड़ी बात नहीं है, भविष्य में संसद द्वारा कानून को बदला जा सकता है ष्ठ लेकिन जो लोग देश के खिलाफ बोलते हैं, जो लोग हिंसा का समर्थन करते हैं, उनके सामने झुकना मेरे लिए देश के खिलाफ अपराध था।

## रवि किशन का बयान, 'मेरे 4 बच्चे नहीं होते अगर कांग्रेस जनसंख्या नियंत्रण बिल ले आती'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** देश में जनसंख्या नियंत्रण बिल को लेकर एक बार फिर से बहस छिड़ गई है। इसी को देखते हुए अब भाजपा सांसद ने बढ़ती जनसंख्या का सारा दोष कांग्रेस पर मढ़ दिया है। एक्टर और राजनेता रवि किशन ने 9 दिसंबर को एक निजी



चैनल पर जनसंख्या नियंत्रण बिल को लेकर एक बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस जनसंख्या नियंत्रण बिल ले आती तो आज वह 4 बच्चों के पिता नहीं बनते। उन्होंने इसको लेकर कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि आज वह 4 बच्चों के पिता हैं और देश में बढ़ती जनसंख्या की परेशानी को अच्छें से समझते हैं। उन्होंने एक निजी चैनल के कार्यक्रम में कहा, 'मेरे 4 बच्चे हैं, यह कोई गलती नहीं है। अगर कांग्रेस सरकार जनसंख्या नियंत्रण विधेयक ले आती तो हमारे चार बच्चे नहीं होते।' उन्होंने ये भी कहा कि पहली और दूसरी डिलीवरी के बाद, उनकी पत्नी की सेहत बिगड़ने लगी थी। रवि किशन ने कहा, 'मैं उस समय संघर्ष कर रहा था और हमेशा शूटिंग में व्यस्त रहता था। बच्चे पैदा होते गए। उस समय कोई स्पष्टता नहीं थी।' रवि किशन ने कहा कि पिछली सरकार को इस मामले को लेकर सतर्कता बरतनी चाहिए थी और अगर उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनाया होता तो आज उनके चार बच्चे नहीं होता। कांग्रेस के समय में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर जागरूकता पैदा नहीं की गई थी और यहीं कारण है कि अब भाजपा सरकार को जनसंख्या नियंत्रण बिल लेकर आना पड़ रहा है।

## ये हैं भारत की 7 बड़ी सड़क सुरंगे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**भोपाल।** रीवा-सीधी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोहनिया घाटी में एक हजार चार करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई 2.82 किलोमीटर लंबी सुरंग का लोकार्पण शनिवार को केंद्रीय सड़क



परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। इस सुरंग के बनने से रीवा और सीधी के बीच की दूरी सात किलोमीटर तक घट जाएगी। इस दौरान दो हजार 443 करोड़ रुपये की लागत की सात सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी होगा। इन मार्गों की लंबाई 204.81 किलोमीटर है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीधी में होने वाले मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के कार्यक्रम और सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने सीधी, सिंगरौली, सतना और रीवा के कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि सभी पंचायतों में कार्यक्रम हों और हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए जाएं। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 18 दिसंबर 2018 से सड़क सुरंग बनाने का काम प्रारंभ हुआ था। इसे मार्च 2023 में पूरा होना था लेकिन यह पहले ही पूरा कर लिया गया है। छह लेन मार्ग को आपस में सात स्थानों पर जुड़ने के लिए अंडर पास दिए गए है ताकि कोई वाहन बीच से लौटना चाहते तो सरलता से लौट सकता है। सुरंग के साथ घाटी से लेकर चुरहट तक 15.7 किलोमीटर की फोरलेन बायपास सड़क का भी निर्माण किया गया है।जम्मू कश्मीर के उधमपुर में चेनानी कस्बे को रामबन जिले के नशरी कस्बे से जोड़ती है।

## विमान में मिला सांप यात्रियों में मचा हड़कंप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** दुबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में शनिवार को एक सांप मिलने की घटना सामने आई। कालीकट से दुबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की बोइंग बी-737 फ्लाइट ने निर्धारित समय के अनुसार उड़ान भरी और दुबई हवाई अड्डे पर उतरने के बाद कर्मचारियों ने विमान में सांप होने की सूचना



दी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने एएनआई को बताया, एयर इंडिया एक्सप्रेस 737-800 विमानें संचालित उड़ान (कालीकट-दुबई) दुबई पहुंचने पर कार्गो होल्ड में एक सांप मिला। यात्रियों को सुरक्षित रूप से विमान से उतार लिया गया और अगले ऑपरेशन से पहले विमान को ठीक से फ्यूमिगेट किया गया। कर रहा मामले की जांच डीजीसीए के एक अन्य अधिकारी ने एएनआई को बताया, यात्रियों को सुरक्षित रूप से विमान से उतार लिया गया था और हवाई अड्डे की अग्निशमन सेवाओं को सूचित कर दिया गया था। विमान को पूरी तरह से खाली कराया गया और उसकी जांच की गई। विमानन नियामक निकाय, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने घटना के संबंध में विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। विमानन निकाय ने कहा, डीजीसीए के अधिकारी एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान में सांप की घटना की जांच कर रहे हैं।

## गुजरात विधानसभा चुनाव में 'तुरुप का इक्का' साबित हुई भाजपा की यह रणनीति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 में भारतीय जनता पार्टी ने अब तक के जीत के सारे रिकार्ड ध्वस्त कर दिए। पार्टी ने 156 सीटों पर जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस को महज 17 सीटों से संतोष करना पड़ा। भाजपा की प्रचंड जीत के पीछे एक साल पहले सरकार में किए गए बदलाव भी काफी महत्वपूर्ण साबित हुए भाजपा ने विधानसभा चुनाव से करीब 15 महीने पहले विजय रुपाणी को हटाकर भूपेंद्र पटेल को मुख्यमंत्री बनाया गया था। सरकार में शामिल सभी मंत्रियों को इस्तीफा देना पड़ा था। पहले किसी भी सरकार में ऐसा देखने को नहीं मिला था, जब पूरे मंत्रिमंडल को ही इस्तीफा देना पड़ा हो। भाजपा ने सत्ता विरोधी लहर का सामना करने के लिए सरकार में सभी नए चेहरों को शामिल किया। उसकी यह रणनीति कामयाब रही और पार्टी ने अब तक के जीत के सारे रिकार्ड ध्वस्त कर दिए। चुनाव में जब टिकट बंटवारे की बात आई तो भी नए चेहरों पर दांव लगाया





गया। पार्टी ने 182 में से 103 सीटों पर नए चेहरों को टिकट दिया। वहीं, पांच मंत्रियों समेत 38 मौजूदा विधायकों के टिकट काट दिए। बता दें, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने पश्चिम बंगाल में लगातार सात विधानसभा चुनाव जीते थे। अब भाजपा ने इसकी बराबरी कर ली। भाजपा ने राज्य में जीत का अब तक का सारा रिकार्ड तोड़ दिया। राज्य की 86 प्रतिशत सीटों को जीतने में पार्टी कामयाब रही।

## महिला अफसरों के साथ भेदभाव मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने दी नसीहत, कहा- सेना अपना घर करे दुरुस्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय सेना, महिला अधिकारियों के साथ उचित व्यवहार नहीं कर रही। कोर्ट ने आगे कहा कि सेना पहले अपना घर दुरुस्त करें और कोर्ट ने यह भी कहा कि सेना, महिला अधिकारियों के साथ निष्पक्ष नहीं रही



है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ 34 महिला सैन्य अधिकारियों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिन्होंने आरोप लगाया है कि सेना में 'लड़ाकू और कमांडिंग भूमिकाएं' करने के लिए पदोन्नति के लिए जूनियर पुरुष अधिकारियों पर विचार किया जा रहा है। पीठ ने आगे कहा, 'हमें लगता है कि आप (सेना) इन महिला अधिकारियों के साथ उचित व्यवहार नहीं रहे हैं। हम मंगलवार को एक प्रारंभिक आदेश पारित करने जा रहे हैं। आप बेहतर तरीके से अपना घर व्यवस्थित करें और हमें बताएं कि आप उनके लिए क्या कर रहे हैं।' पीठ ने आगे कहा,सबसे पहले, उन पुरुष अधिकारियों के परिणामों की घोषणा न करें, जिन पर अक्टूबर में (पदोन्नति के लिए) विचार किया गया था, जब तक कि आप उनके (महिला) परिणामों की घोषणा नहीं करते हैं। पीठ ने केंद्र और सशस्त्र बलों की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल संजय जैन और वरिष्ठ अधिवक्ता आर बालासुब्रमण्यन से पूछा कि उन्होंने अक्टूबर में पदोन्नति के लिए इन महिला अधिकारियों पर विचार क्यों नहीं किया। महिला अधिकारियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता वी मोहना ने कहा कि शीर्ष अदालत द्वारा महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने के फैसले के बाद से 1,200 कनिष्ठ पुरुष अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है। उन्होंने पीठ से कहा,'पिछली सुनवाई के बाद भी नौ पुरुष अधिकारियों को उच्च पदों पर रखा गया था। वरिष्ठ महिला अधिकारियों को पदोन्नत करने से पहले कोई पदोन्नति नहीं होनी चाहिए।



# राजापुर से 9वीं की छात्रा हुई लापता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** अपनी मां के मोबाइल से चैट करने वाली कक्षा नौवीं की छात्रा लापता हो गई है। घर वालों को शक है कि मोहल्ले का एक आकाश नाम का लड़का उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया। छात्रा के पिता ने कैंट थाने में अपहरण करने का मुकदमा दर्ज कराया है।पुलिस को बताया कि उसकी बेटी रानी देवी इंटर कॉलेज में पढ़ती है। घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी लेकिन पता चला कि वह स्कूल नहीं पहुंची। इसके बाद से उसका पता नहीं चला।




# माफिया व पूर्व प्रखंड प्रमुख दिलीप मिश्रा की संपत्ति पर प्रशासन की नजर है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** माफिया व पूर्व प्रखंड प्रमुख दिलीप मिश्रा की संपत्ति पर प्रशासन की नजर है. उनकी करीब संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि माफिया ने उसके बेटे शुभम मिश्रा के





सात करोड़ की संपत्ति को राजस्व विभाग ने चिन्हित कर लिया है, जिसे कुर्क करने की तैयारी की जा रही है. संपत्ति के सत्यापन का कार्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद नाम पर करछना में जमीन खरीदी है. जमीन खरीदने के लिए जुटाए गए पैसे अपराध से जुड़े हैं। इसके अलावा और भी कई संपत्तियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। बता दें कि माफिया दिलीप मिश्रा फतेहगढ़ जेल में बंद है। प्रयागराज के चाका के पूर्व ब्लॉक प्रमुख दिलीप मिश्रा को पुलिस ने जून 2020 में गिरफ्तार किया था। फिर पुलिस ने इनामी शूटर को दिलीप के लवायन स्थित घर से हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। उसके बाद दिलीप की तलाश शुरू की गई। दिलीप के बेटे शुभम को भी जेल भेज दिया गया और वह जमानत पर रिहा हो गया। दिलीप के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दिलीप मिश्रा के खिलाफ योगी सरकार के वर्तमान कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी पर 12 जुलाई 2010 को रिमोट से बम विस्फोट कर जानलेवा हमला करने का भी मामला दर्ज है. तब हमले में नंदी घायल हो गया था जबकि तीन लोगों की मौत हो गई थी।

# बिना आधार प्रमाणीकरण के नहीं ले पायेगें पेंशन का लाभ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा ने बताया है कि जनपद में पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना (विधवा पेंशन) प्राप्त कर रही लाभार्थियों को आधार सीडिंग/आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में आधार बेस भुगतान किया जाना हैं पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों के आधार प्रमाणीकरण माह दिसम्बर 2022 तक शत प्रतिशत किये जाने के निर्देश दिये गये है। जिन लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण उनके द्वारा नहीं कराया गया है उनकी पेंशन निदेशालय द्वारा बन्द कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना (विधवा पेंशन) प्राप्त कर रही लाभार्थी स्वयं अपना आधार प्रमाणीकरण यथाशीघ्र जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय पंचमुखी मन्दिर गाजी चौराहा बलीपुर से आधार अपडेट/सस्पेक्टेड/किसी कारण त्रुटिवश मोबाइल नम्बर व आधार में फीडिंग गलत हो गया हो वे लाभार्थी कार्यालय में उपस्थित होकर आधार एवं मोबाइल अपडेट कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में योजना का लाभ दिया जाना सम्भव नहीं होगा। आधार प्रमाणीकरण कराये जाने हेतु आधार एवं बैंक खाते की छायाप्रति एवं मोबाइल नम्बर कार्यालय के व्हाट्सअप नम्बर 7565882000 पर उपलब्ध कराकर अपना के0वाई0सी0 करा सकते हैं।


# गोली लगने से घायल सीआरपीएफ के जवान की मौत



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** गोली लगने से घायल सीआरपीएफ के जवान की मौत, निजी अस्पताल में इलाज के दौरान सीआरपीएफ जवान प्रशांत की हुई मौत, दो दिनों पहले दोस्तो के साथ पार्टी के दौरान प्रशांत त्रिपाठी को लगी थी गोली। कैंट थाना क्षेत्र के गंगानगर इलाके में एक घर के अंदर लगी थी गोली, मौत होने के बाद पार्टी के दौरान मौजूद रहे दोस्तों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज, पुलिस के मुताबिक जांच पड़ताल के बाद साक्ष्यों के आधार पर होगी कार्रवाई।

# प्रयागराज कमिश्नरेट में होंगे 3 डीसीपी और 14 एसीपी, बनाए गए तीन नए सर्किल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** प्रयागराज जिले के पुलिस कमिश्नरेट का खाका तैयार हो गया है। नगर, गंगानगर और यमुनानगर में एक-एक पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रहेंगे। यह एसपी स्तर के अधिकारी होंगे। वहीं जिले में कुल 14 सर्किल होंगे । जिनमें से तीन नए हैं। ये हैं नगर क्षेत्र के करेली, गंगानगर क्षेत्र में थारवई सर्किल और यमुनानगर क्षेत्र में कौंधियारा सर्किल।



इसके साथ ही 14 सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) तैनात किए जाएंगे। ये अपने अपने सर्किल के प्रभारी होंगे, जबकि दो एसीपी कानून व्यवस्था और अभिसूचना रहेंगे। यह सभी एसपी (पुलिस सुपरिटेंडेंट) स्तर के अधिकारी होंगे।

# गुजरात में भाजपा की प्रचंड जीत का जसरा में भाजपाइयों ने मनाया जश्न

## जिला मंत्री की अगुवाई में भाजपाइयों ने एक दूसरे को खिलाई मिठाई, फोड़े पटाखे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** भाजपा जिला मंत्री यमुनापार कमलेश त्रिपाठी की अगुवाई में आज जसरा बाजार में भाजपाइयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए जीत का जश्न मनाया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पार्टी लगातार देश का विकाश करते हुए आगे बढ़ रही है। निश्चित ही यह जीत 2024 लोकसभा के चुनाव में एक बार पुनः भाजपा का परचम लहराने का काम करेगी यह प्रचंड जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। मुख्य रूप से महामंत्री नीरज केसरवानी, भूपेंद्र पाठक, शंकर लाल पांडे, शैलेंद्र पांडेय, हीरालाल केसरवानी, शशिकांत पांडे, प्रीतम चंद केसरवानी, सुधांशू मिश्रा, अर्जुन विश्वकर्मा, आकाश केसरवानी, अंबुज त्रिपाठी, अमित भारतीय, अतुल महाकाल, राम केसरवानी, सुरेश मिश्रा, राहुल पाल, शिवाकांत तिवारी, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# चुनाव में मिली जीत को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** गुजरात विधानसभा के चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत को लेकर सिविल लाइन सुभाष चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आते जाते राहगीरों को मिष्ठान,पुष्प,एवं आतिशबाजी कर जश्न मनाते हुए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा रमाकांत विश्वकर्मा ने कहा कि यह जीत एक-दूसरे कार्यकर्ता की खून पसीने की जीत है जिन्होंने केंद्र



व प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचायात् जय सिंह पटेल जिलाउपाध्यक्ष यमुनापार भाजपा जो गुजरात विधानसभा में प्रवासी बनाए गए थे उन्होंने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को उत्तर प्रदेश में होने वाले नगर निगम चुनाव में पूरी तत्परता से लगना है जिस प्रकार गुजरात के कार्यकर्ताओं ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है हमें भी उत्तर प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनानी हैं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि भाजपा की ऐतिहासिक प्रचंड जीत की बधाई,शुभकामनाएं एवं प्रदेश के देवतुल्य मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का अभिनंदन है इस अवसर पर एजाजुद्दीन,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसं ।

# जिलाधिकारी ने स्वरूपरानी अस्पताल का किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** रजिस्टर अपडेट न मिलने पर फार्माशिष्ट से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के दिए निर्देश साफ-सफाई ठीक न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए वेण्डर के बिल से 5 प्रतिशत की कटौती करने के दिए निर्देश साफ-सफाई, पीने के पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं को चुस्त-दूरूस्त बनाये रखने के दिए निर्देश जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने गुरूवार को स्वरूपरानी अस्पताल पहुंच कर ट्रामासेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर भर्ती मरीजों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सालय में प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या के बारे में पूछा तथा कितने मरीज प्रतिदिन भर्ती हुए है तथा कितने डिस्चार्ज किए गये है, की भी जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने भर्ती और डिस्चार्ज की प्रक्रिया को आनलाइन किये जाने के निर्देश दिये है। निरीक्षण के दौरान रजिस्टर अपडेट न मिलने पर वहां के फार्माशिष्ट मदन मोहन से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने वहां पर साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए वेण्डर के बिल से 5 प्रतिशत की कटौती किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने चिकित्सालय में साफ-सफाई के लिए रोस्टर के अनुसार सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने चिकित्सकों व अन्य स्टाफ को चिकत्सालय में आने वाले मरीजों से अच्छा व्यवहार करने तथा उनकी अच्छी तरह से देखभाल करने के निर्देश दिए है। उन्होंने चिकित्सालय में लूज तारों व खराब साकेटों को दुरूस्त कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने पूरे हॉस्पिटल के कैम्पस का भ्रमण किया। उन्होंने चिकित्सालय में खाली स्थान पर कर्मचारियों के लिए पार्किंग सेड बनाये जाने को कहा है तथा जिलाधिकारी ने परिसर में बन रहे भवनों के निर्माण हेतु प्रयोग में लायी जा रही सामाग्री को टेक्नीकल टीम बनाकर जांच किये जाने के निर्देश दिये है।



# जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली की धीमी प्रगति हेतु अधिकारियों को लगायी फटकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कल देर सायंकाल कलेक्ट्रेट के सभागार में राजस्व प्रशासन एवं कर-करेत्तर राजस्व संग्रह की समीक्षा की गयी।उन्होंने वसूली में शिथिलता बरतने वाले मातहतों को खरी-खोटी सुनाई और वृक्षों के कटान पर त्वरित रोक लगाने का आदेश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत देय, खनन, आबकारी, परिवहन विभाग, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, बाट-माप, वन, मण्डी, वाणिज्य कर सहित अन्य विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा की। परिवहन विभाग की समीक्षा में एआरटीओ द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष शत् प्रतिशत राजस्व की वसूली सुनिश्चित न किये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते उन्हें फटकार लगायी और निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष वसूली में तेजी लायी जाये। उन्होने एआरटीओ को यह भी निर्देश दिया कि ओवरलोड गाड़िया कितनी सीज हुई है और उन पर क्या कार्यवाही की गयी, अवैध वाहनों पर क्या कार्यवाही की गयी इसकी रिपोर्ट उपलब्ध करायें तथा फील्ड में निकलकर भ्रमण भी करें, प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाये लापरवाही कदापि न करें। इसी प्रकार स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी विभाग, वाणिज्य विभाग, विद्युत विभाग की समीक्षा में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति ठीक न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने एआईजी स्टाम्प, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, जिला आबकारी अधिकारी व वाणज्यि विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुये निर्देशित किया कि विभागीय लक्ष्य की प्राप्ति शत प्रतिशत सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरते। जिलाधिकारी ने परिवहन, वाणिज्य एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों को प्रर्वतन की कार्रवाई में तेजी लाते हुये लक्ष्य के सापेक्ष



राजस्व वसूली सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया। मण्डी समितियों के राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा में राजस्व वसूली लक्ष्य के सापेक्ष कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष वसूली सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यो में लापरवाही या उदासीनता कत्तई क्षम्य नही होगी। वन विभाग की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने वन विभाग की ओर से बैठक में प्रतिभाग कर रहे रेन्जर लालगंज से जनपद में पेड़ों के अवैध कटानों की स्थिति,आरा मशीनों की संख्या तथा कितने अवैध आरा मशीनों पर वन विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गयी की जानकारी प्राप्त की लेकिन उनके द्वारा समुचित उत्तर नही दिया गया जिस पर समुचित रिपोर्ट देने के लिये निर्देशित किया गया। चकबन्दी विभाग की समीक्षा के समय एसओसी चकबन्दी द्वारा बताया गया कि 15 गाँवों में कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है, जिलाधिकारी ने ग्रामवार चकबन्दी प्रक्रिया की समीक्षा की और सचेत किया कि यदि किसी गांव में प्रायोजित ढंग से चकबन्दी प्रक्रिया का विरोध किया जा रहा है तो उपजिलाधिकारी एवं सीओ चकबन्दी स्वयं गांव में बैठक कर सही वस्तु स्थिति से अवगत करायें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि चकबन्दी प्रक्रिया जिन गांवों में चल रही है उसे नियमानुसार शीघ्र पूर्ण कराया जाय। बैठक के दौरान चकबन्दी विभाग के बुकलेट के डाटा को अपडेट न किये जाने पर जिलाधिकारी ने एस0ओ0सी0 चकबन्दी फटकार लगाते हुये निर्देशित किया कि बैठक से पूर्व सभी डाटा को दुरूस्त कर ही बुकलेट प्रस्तुत करें इसमें लापरवाही न बरते। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन दुकानदारों को आरसी जारी की गयी है उनसे वसूली की कार्यवाही की जाये। खाद्य पदार्थो में मिलावट करने वाले दुकानदारों को नोटिस दी जाये। इसके अलावा खनन विभाग, बाटमाप विभाग के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम पाये जाने पर सुधार लाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने अन्त में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की शत् प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाये इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, जिन विभागों द्वारा आरसी जारी की गयी है राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर उनकी वसूली सुनिश्चित करायें। उन्होने कहा कि राजस्व वसूली में शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी, इसलिये सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का सम्यक निर्वहन करें, लापरवाही कदापि न बरते। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा,मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश पटेल सहित समस्त सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी व सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार व भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो ने चलाया सदस्यता महाअभियान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** राष्ट्रीय मानवाधिकार व भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो




(एनएचआरसीसीबी) ने अपने स्थापना दिवस पर 7, 8, 9 दिसंबर 2022 तक 3 दिवसीय विशेष सदस्यता महाअभियान चलाया है। जानकारी के अनुसार एनएचआरसीसीबी के चेयरमैन आर के पाण्डेय एडवोकेट (हाई कोर्ट इलाहाबाद) ने इस महाअभियान की शुरुआत करते हुए बताया कि इस 3 दिवसीय महाअभियान में सदस्यता निःशुल्क दी जा रही है जोकि आजीवन होगी। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सदस्यता प्रभारी फैजान रजा ने बताया कि इस निःशुल्क सदस्यता महाअभियान का मुख्य उद्देश्य अधिकतम राष्ट्रभक्त समाजसेवी हिंदुस्तानी नागरिकों को संगठन में जोड़कर जनहित में व जरूरतमन्द लोगों के लिए कार्य करने की मुहिम में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करना है। यह जानकारी संगठन के राष्ट्रीय मीडिया आफिसर अभिषेक गुप्ता ने दिया है।

# प्रयागराज में राशन कार्ड के लिए साल भर से जिम्मेदारों की चौखट पर चक्कर काट रहे बुजुर्ग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** मेजा में प्रशासन की बदइंतजामी के कारण अदद राशन कार्ड बनाने के लिए बुजुर्गों को साल भर से तहसील के चक्कर लगवाया जा रहा है। कार्ड से संबंधित कागजात जमा करने के बाद भी गरीबों को महीनों इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला बुधवार को देखने को मिला जब झुकी कमर लिए 80 वर्षीय श्रीधर तहसील मेजा में अपनी व्यथा कहते रो पड़े। वह पिछले एक साल से राशन कार्ड बनवाने के लिए तहसील में सप्लाई इंस्पेक्टर के पास चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन हर बार इंस्पेक्टर से उन्हें टालमटोल जवाब ही सुनने को मिलता है। बुढ़ापे में काम करने में अक्षम बुजुर्ग असंवेदनशील व्यवस्था की मार के कारण अपने लिए दो वक्त की रोटी



का जुगाड़ तक नहीं कर पा रहे हैं।सप्लाई इंस्पेक्टर कहते हैं हो जाएगा, हो जाएगा...एक साल हो गया। हम क्या कहे, क्या करें श्रीधर कहते कहते रो पड़ते हैं। तरफ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पात्रता की श्रेणी में आने वाले पात्रों को राशन कार्ड के लिए भटकना पड़ रहा वहीं विभागीय अफसर लक्ष्य पूरा होने की बात कह रहे हैं। तहसील इंस्पेक्टर से संपर्क नही हो सका।

# स्वामी शांतानंद की जयंती पर होगी चोटी प्रतियोगिता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** अलोपीबाग स्थित स्वामी वासुदेवानंद आश्रम में आयोजित




आराधना महोत्सव में गुरुवार को ब्रह्मलीन स्वामी शांतानंद की जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर शाम को शिखा (चोटी) प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में आश्रम में संचालित संस्कृत विद्यालय के छात्र भाग लेंगे। आचार्य छोटे लाल मिश्र के सानिध्य में 21 वैदिक ब्राह्मणों ने विधिविधान से अभिषेक पूजन और रुद्र महायज्ञ संपन्न कराया। मानस मर्मज्ञ प्यारे मोहन और साथियों ने रामचरितमानस की संगीतमय प्रस्तुति की। आचार्य विनोदानंद सरस्वती, दंडी स्वामी शंकरानंद सरस्वती, आचार्य शिवार्चन उपाध्याय, आचार्य पं. विपिन कृष्ण शास्त्री, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, आचार्य अभिषेक मिश्र, आचार्य मनीष , वेद प्रकाश शर्मा मौजूद रहे।

# निर्वाचन कार्यालय ने निर्धारित किया चुनाव प्रचार के दौरान व्यय की दरें,रखी जाएगी चौकस नजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** वरिष्ठ कोषाधिकारी दीपक बाबू एवं सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) विनायक शुक्ल ने बताया कि नगरीय निकाय निर्वाचन-2022 हेतु प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न मदों में जो धनराशि व्यय की जायेगी उसका निर्धारण जिला स्तर पर गठित कमेटी की संस्तुति पर जिलाधिकारी द्वारा कर दिया गया है। उन्होंने टेन्ट हाउस की सामग्री के किराये के सम्बन्ध में बताया है कि प्रति नग प्रतिदिन फैंसी कुर्सी 12 रूपये, फाइवर कुर्सी 8 रूपये, मेज 14 रूपये, डायस 1000 रूपये, दरी 15 रूपये, सोफा 500 रूपये, वीआईपी कुर्सी 30 रूपये, मेजपोस 5 रूपये, गेट का निर्माण बैरियर 800 रूपये, तोरण द्वार का निर्माण प्रतिगेट 2000 रूपये, पोडियम/पंडाल का निर्माण (4-5 व्यक्तियों के लिये मानक आकार) 5000 रूपये, शामियाना प्रतिवर्ग फिट 71 रूपये, रजाई/तकिया/गद्दा चादर कम्पील सेट 50 रूपये, पण्डाल 15 15 प्रति स्कवायर फिट 9 रूपये निर्धारित है। बैरिकेडिंग एक लाईन 16 रूपये प्रति मीटर, बैरिकेडिंग दो लाईन 25 रूपये प्रति मीटर, मजदूर 400 रूपये, बैरियर 317 रूपये प्रति नग तथा बैरिकेडिंग तीन लाईन 30 रूपये मीटर की दर निर्धारित की गयी है। वाहन के किराये की निर्धारित मानक दरों (ईंधन छोड़कर) प्रति नग प्रतिदिन के अनुसार जीप 1000 रूपये, मार्शल 1200 रूपये, टाटा सूमो 1500 रूपये, स्कार्पियों 2000 रूपये, सफारी 2500 रूपये, स्वराज मजदा 1500 रूपये, टेम्पो 500 रूपये, थ्री व्हीलर 500 रूपये, बोलेरो 1500 रूपये, इनोवा 2500 रूपये, मैजिक 1000 रूपये, ई-रिक्शा 500 रूपये, बस 2000 रूपये, ट्रक 3000 रूपये, मारूति वैन/मारूति कार 1000 रूपये, ट्रैक्टर ट्रेलर 1500 रूपये, मोटर साइकिल 500 रूपये, हैण्ड साईकिल 100 रूपये तथा ड्राइवर का एक दिन का वेतन 500 रूपये निर्धारित है। इसी प्रकार भोजन एवं नाश्ता की दरों के सम्बन्ध में बताया गया है कि प्रति व्यक्ति चाय 6 रूपये, काफी 15 रूपये, भोजन सामान्य 80 रूपये, भोजन वीआईपी 250 रूपये, जलपान 40 रूपये निर्धारित है। समोसे का मूल्य 6 रूपये, 25एमएल कोल्डड्रिंक्स 20 रूपये, विस्कुट 30 रूपये पैकेट तथा बोतल बन्द पानी 20 प्रति बोतल निर्धारित की गयी है। एम्पलिफायर एवं साउण्ड सिस्टम के किराये के सम्बन्ध में बताया है कि प्रति नग प्रतिदिन साउण्ड सिस्टम (माइक्रोफोन, एम्पलिफायर, लाउडस्पीकर, बैटरी, आपरेटर, कम्पलीट सेट) 5000 रूपये, लाउडस्पीकर 70 रूपये, ट्यूब लाईट 10 रूपये, एलईडी बल्ब 20वाट 10 रूपये, हैलोजन 24 रूपये तथा जनरेटर 5/7.5 के0वी0ए0 ईंधन आपरेटर सहित 506 रूपये निर्धारित है। होटल के कमरों के लिये किराये के सम्बन्ध बताया गया है कि प्रतिदिन सिंगल बेड वाला नान ऐसी 650 रूपये, डबल बेड वाला नान ऐसी 750 रूपये, सिंगल बेड वाला एसी 1300 रूपये, डबल बेड वाला एसी 1400 रूपये, लॉज 500 रूपये, विवाह घर 29000 रूपये निर्धारित किया गया है। फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी के सम्बन्ध में बताया है गया है कि फोटोग्राफी प्रति कैमरा पारिश्रमिक सहित 800 रूपये तथा वीडियोग्राफी कैमेरा के साथ प्रतिदिन 1600 रूपये निर्धारित किया गया है। माला फूल के सम्बन्ध में बताया गया है कि प्रति माला गुलाब फूल बड़ा 100 रूपये, माला गुलाब फूल छोटा 70 रूपये, माला गेंदा फूल बड़ा 50 रूपये तथा माला गेंदा फूल छोटा 40 रूपये निर्धारित है। पैम्फलेट,पोस्टर की दरों के सम्बन्ध में बताया गया है कि प्रति हजार हैण्डबिल 18 इंच 22 इंच/4 सिंगल कलर 512 रूपये, 18 इंच 22 इंच/5 सिंगल कलर 501 रूपये, 18 इंच 22 इंच/6 सिंगल कलर 448 रूपये, 16 इंच 26 इंच/4 सिंगल कलर 666 रूपये, 16 इंच 26 इंच/8 सिंगल कलर 336 रूपये, 16 इंच26 इंच फुल सिंगल कलर 2100 रूपये, 17 इंच 27 इंच/4 सिंगल कलर 631 रूपये, 17 इंच 27 इंच/8 सिंगल कलर 427 रूपये, 20 इंच 30 इंच/8 सिंगल कलर 464 रूपये, 20 इंच 30 इंच/6 सिंगल कलर 605 रूपये निर्धारित है। प्रति हजार पोस्टर 18 इंच 22 इंच/2 सिंगल कलर 1108 रूपये, 18 इंच 22 इंच फुल फोर कलर 5280 रूपये, 16 इंच 26 इंच/2 सिंगल कलर 1101 रूपये, 16 इंच 26 इंच फुल सिंगल कलर 2257 रूपये, 17 इंच 27 इंच फुल सिंगल कलर 2580 रूपये, 20 इंच 30 इंच/2 सिंगल कलर 2055 रूपये, 20 इंच 30 इंच/4 सिंगल कलर 991 रूपये, 20 इंच 30 इंच फुल सिंगल कलर 3008 रूपये निर्धारित है। पोस्ट कार्ड साई हेडकार्ड 1183 रूपये, स्टीकर चार रंगों में छपा हुआ 1542 रूपये, स्टीकर सादा छपा हुआ 1265 रूपये, पोस्टर रंगीन चार रंगों में 4550 रूपये, फलैक्स बैनर प्रति वर्ग फीट 12 रूपये, फलैक्स होर्डिंग फ्रेम सहित 28 रूपये प्रति वर्ग फिट, स्टीकर 7 इंच 8 इंच प्रति पीस 4.20 रूपये, स्टीकर कलर वाला 6.42 रूपये प्रति पीस, स्टीकर सादा वाला 6 रूपये, फ्लैक्सी बैनर 13 रूपये प्रति वर्ग फीट, बैच छोटा 3 रूपये तथा बैच बड़ा 6 रूपये निर्धारित है। किसी मद का उल्लेख न होने पर वास्तविक व्यय अथवा प्रचलित बाजार दर अथवा समानगुण वाली अन्य वस्तु की दर के आधार पर आगणन किया जायेगा।

# कबाड़ी कारोबारी द्वारा प्रदूषण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सिकन्दरपुर (बलिया)।** बलिया मार्ग पर स्थित मिलन वाटिका मैरिज हॉल के ठीक बगल में स्थित एक बड़े कबाड़ी कारोबारी द्वारा प्रदूषण बोर्ड के नियमों को ताक पर रखकर रोजाना केबल, प्लास्टिक व फाइबर आदि मटेरियल के तार जलाए जाते हैं, जिससे उत्पन्न रासायनिक धुंआ लोगों के लिए स्वास्थ्य के नजरिए से खतरे का सबब बनता जा रहा है। आसपास के लोगों का कहना है कि कबाड़ी द्वारा जब भी केबल व तारों को जलाया जाता है। उस समय बड़ी मात्रा में काले धुंए अपना मुंह बांधकर या ढक कर इस मार्ग से आने जाने के लिए विवश होना पड़ता है। लोगों का कहना है कि कबाड़ी व्यापारी बृजेश को कई बार आग ना जलाने की हिदायत दी गई, लेकिन कबाड़ी व्यापारी द्वारा लगातार प्रदूषण बोर्ड



रोजाना बड़ी मात्रा में जलाकर व धुंए के रूप में रासायनिक व जहरीला प्रदूषण फैलाने का काम किया जा रहा है। रोजाना सुबह कबाड़ी व्यापारी के कर्मचारियों द्वारा बड़ी मात्रा में केबल का गुबार उठने लगता है, जिससे लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत व परेशानी होने लगती है। वही गांधी इंटर कॉलेज व ज्ञानदर्शन एकेडमी मे पढ़ने जाने वाले छात्र छात्राओं को के नियमों की अनदेखी कर जहरीला प्रदूषण फैलाने का कार्य अनवरत किया जा रहा है। वहीं स्थानीय शासन प्रशासन इस मामले में अपनी आंखों पर पट्टी बांधे हुए हैं।

# डा0भीमराव अम्बेडकर भारत ही नही बल्कि सम्पूर्ण विश्व की एक महान विभूति थे-मंडल रेल प्रबंधक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के भारतेंदु सभागार में मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय की अध्यक्षता में भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का 67 वाँ महापरिनिर्वाण दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस दौरान अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में मण्डल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय ने कहा भारत रत्न बाबा साहब डा0भीमराव अम्बेडकर भारत ही नही बल्कि सम्पूर्ण विश्व की एक महान विभूति थे। अपने जीवन के संघर्षो को अपनी अटूट लगन, ज्ञान एवं परिश्रम के सहारे उन्होंने पीछे छोड़ा और सम्पूर्ण समाज के लिए एक मिसाल छोड़ गये।हम सब का कर्तव्य है कि उसी भाव को उसी दृष्टि को और उसी परिश्रम को अनुसरण करते हुए बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलें और देश के विकास में अपना अपना योगदान करें।उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज मे व्याप्त बिखराव और असमानता की संकीर्णताओं से बाहर निकलने का



रास्ता खोजा और दूसरों के लिए राह आसान बनायी इसके पीछे उनके स्वयं के जीवन में घटी घटनायें और विषमताएं थीं. जिसे महसूस करके आने वाली पीढियों को उनसे मुक्त रखने के लिए उन्होंने दृढ निश्चय किया था। महिला उत्थान के लिए भी आजीवन संघर्षशील रहे.नारी शिक्षा और समानता के सन्दर्भ में उन्हीं के प्रयासों से बहुत सारी कल्याणकारी योजनाओं को मूर्त रुत मिला,जिनसे आज सारा समाज लाभान्वित हो रहा है। बाबा साहब ने अपने जीवन में एक अद्वितीय उदाहरण बनकर, तमाम वंचितों- उपेक्षितों और बेसहारा लोगोंके लिये प्रेरणा स्रोत बनकर एवं मार्ग दर्शन देकर उनका उद्धार कर दिया। शिक्षा और समानता को मौलिक अधिकार के रूप में स्थापित करके सारे समाज को एक राह पर लाने का अविस्मरणीय कार्य किया।मण्डल रेल प्रबन्धक वाराणसी रामाश्रय पाण्डेय ने कहा कि सम्पूर्ण देश उनके द्वारा की गयी अनमोल सेवाओं के लिए उनका आभारी रहेगा एवं उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलकर सामूहिक रुप से एक शिक्षित, सभ्य,संवेदशील समाज के रूप में समग्र उन्नति करेगा, ऐसा मेरा विश्वास है।श्री रामाश्रय पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा का महत्व हम सभी जानते हैं प्रत्येक मनुष्य के लिए ,चाहे वह नर नारी हो किसी धर्म का,किसी वर्ग का, किसी क्षेत्र का हो ,शिक्षा उसके लिए सबसे अमूल्य है। शिक्षित होने के पश्चात समाज में जब व्यक्ति पदार्पण करता है, तो विभिन्न प्रकार की समस्याओं का, परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में व्यक्ति के धैर्य और संघर्ष की कसौटी होती है। बिना विचलित हुए अपने मार्ग पर अविरल भाव से लगन पूर्वक चलते रहना यही प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है, और वह लक्ष्य सिद्धि के लिए परम आवश्यक है।उन्होंने कहा कि संगठन के बारे में आप सभी जानते हैं कि संगठन में शक्ति है, एक धारा में सबको एक साथ एक विचार से एक लक्ष्य के लिए बढ़ना, यही किसी भी संगठन का मूल मंत्र है।बाबा साहब ने अपने संपूर्ण जीवन में विभिन्न विषयों को अध्ययन किया गहनता से उसका मनन किया और उसके निचोड़ के रूप में भारत के संविधान के प्रमुख कर्ता-धर्ता के रूप में अपना योगदान उन्होंने दिया और भारतीय संविधान के रूप में एक ऐसी मिसाल रखी है, जिसकी पूरी दुनिया में नजीर भी दी जाती है।

# पिछड़ा वर्ग के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी डिजिटल रूप से कराने की जा रही है तैयारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** पिछड़ा वर्ग कल्याण की कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करके रोजगार प्राप्त करने या आत्मनिर्भर बनने वाले युवाओं की सूची बनाने हेतु संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया जाय। कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना का लाभ अधिक से अधिक बच्चों को मिले इसके लिए बजट का प्रस्ताव भेजा जाय। यूपी बोर्ड में कक्षा 10 व विभाग के द्वारा दी जा रही छात्रवृत्ति योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। छात्रवृत्ति योजनाओं के कार्यक्रमों की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित की जाय। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी डिजिटल रूप से कराने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। दिव्यांगजन मंत्री ने दिव्यांगजन विभाग में किये जाने वाले कार्यों की जानकारी



कक्षा 12 उत्तीर्ण अन्य पिछड़ा वर्ग के टापर्स मेधावी छात्रों हेतु मुख्यमंत्री पुरस्कार योजना के तहत सम्मानित एवं उत्साहवर्धन करने हेतु प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। समाज से जुड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं में पहले से अच्छा करने के लिए कार्य किया जाय। उक्त निर्देश प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने विभागीय समीक्षा बैठक में दिये। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने आज विधानसभा स्थित नवीन भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। पिछड़ा वर्ग कल्याण ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों को पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाय। दिव्यांगजनों के हितों के लिए कार्य करे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों के द्वारा बनाये गये उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी जाय तथा उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाय। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने डॉ. शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ में दिव्यांगजनों छात्रों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में प्रदेश सरकार के सहयोग से दिव्यांग विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा, छात्रावास एवं भोजन की व्यवस्था उपलब्ध करायी जा रही है। डॉ. शकुन्तला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ में दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे है। विश्वविद्यालय में समस्त पाठ्यक्रमों में 50 प्रतिशत सीटे दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित हैं, जिसमें से 50 प्रतिशत अर्थात् कुल सीट का 25 प्रतिशत दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए आरक्षित किया गया है। विश्वविद्यालय में दिव्यांग छात्रों के लिए संचालित विशेष पाठ्यक्रम बी0एड0 (श्रवणबाधितार्थ), बी0एड0 (दृष्टिबाधितार्थ), बी0एड0 (बौद्धिक अक्षमताता), बी0ए0एस0एल0पी0(बैचलर आफ ऑडियोलॉजी और स्पीच-लैंग्वेज पैथोलॉजी) बी0पी0ओ0 ( बैचलर आफ प्रॉस्थेटिक एंड ओर्थोटिक्स), एम0एड0 (श्रवणबाधितार्थ), एम0एड0 (दृष्टिबाधितार्थ), एम0एड0 (बौद्धिक अक्षमता), एम0पी0ओ0 (मास्टर आफ प्रॉस्थेटिक एंड ओर्थोटिक्स) संचालित है। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि योजनाओं का पारदर्शी तरीके से अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभ मिले। बैठक में अपर मुख्य सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण हेमंत राव, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण सत्य प्रकाश पटेल तथा निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण वंदना वर्मा, रजिस्टार डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ एवं आयुक्त दिव्यांगजन सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे ।

# माघ मेला 2022-23 की तैयारियां तेज कर दी गई हैं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** माघ मेला 2022-23 की



तैयारियां तेज कर दी गई हैं। तैयारियों की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा को ड्रोन कैमरे से करने का फैसला किया गया है। माघ मेला 2022-23 की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। तैयारियों की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा को ड्रोन कैमरे से करने का फैसला किया गया है। बुधवार को मेला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा प्रमुख सचिव, नगर विकास अमृत अभिजात ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की। उन्होंने समीक्षा में मेले में लगाई जा रही सामग्री एवं किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता में समझौता ना करने के निर्देश। वेंडरों के कार्यों का मजिस्ट्रेट लेवल पर निगरानी रखने का भी आदेश दिया। 20 दिसंबर से पहले सभी काम पूरा करने का आदेश : प्रमुख सचिव नगर विकास ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को 20 दिसंबर डेडलाइन दिया है। इसके बाद किए गए कार्यों की समीक्षा होगी। उन्होंने भूमि आवंटन के लिए एक मैट्रिक्स तैयार करने को कहा, जिससे संस्थाओं में आपस में भिड़ंत होने की संभावना को कम किया जा सके। इसके अलावा मेला क्षेत्र में कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का सत्यापन ड्रोन के माध्यम से करने के निर्देश दिए हैं। जिसके अंतर्गत हर 2 से 3 दिन में कार्यों में कितनी प्रगति हुई है इसका पता लगाया जा सके। मेला क्षेत्र में पत्तल को प्रमोट करने का निर्देश : मेला क्षेत्र को पॉलिथीन फ्री बनाने के लिए पत्तल को एक विकल्प के रूप में प्रमोट करने का निर्देश दिया है। अमृत अभिजात ने तर्क भी दिया कि यदि लोगों को विकल्प नहीं दिया जाएगा तो मेले को पॉलिथीन फ्री बनाना संभव नहीं हो पाएगा। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ भारत अवार्ड हेतु माघ मेला क्षेत्र का भी सर्वे कराने पर जोर दिया जोकि अपने आप में एक अनूठी पहल होगी। 500 बेड की डारमेट्री बनेगी : बैठक में मेला प्रशासन ने आकर्षक वेंडिंग जोन बनाने की तैयारी की है। सभी वेंडर्स में एकरूपता होगी। इसके अलावा 500 बेड की डॉरमेट्री तैयार होगी।माघ मेले खत्म होने के पश्चात भी वहां पर शौचालय एवं बिजली की व्यवस्था बनाई रखी जाएगी इसके बारे में भी बताया गया।

# जिलाधिकारी/नियंत्रक नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस की 60वीं वर्षगांठ पर ध्वजोत्तोलन कर कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** 60वें नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस'' के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट स्थित नागरिक सुरक्षा नियंत्रण केन्द्र कार्यालय परिसर में मंगलवार को नागरिक सुरक्षा ध्वज



के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी/नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा श्री संजय कुमार खत्री के द्वारा ध्वजोत्तोलन किया गया। जिलाधिकारी महोदय व अन्य अधिकारियों के द्वारा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने में काम आने वाले सुरक्षा उपकरणों का अवलोकन करते हुए जानकारी ली। तदुपरान्त जिलाधिकारी महोदय के द्वारा नागरिक सुरक्षा का शपथ ग्रहण कराया गया। इसी क्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री, विशिष्ठ अतिथि मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरी, अपर जिलाधिकारी (नगर) श्री मदन कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी श्री कुवंर पंकज, चीफ वार्डन श्री अनिल कुमार, डि0चीफ वार्डन श्री सादिक हुसैन सिददीकी द्वारा क्रमशः महामहिम राष्ट्रपति जी, माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय गृहमंत्री जी, गृह सचिव ना0सु0 भारत सरकार, महानिदेशक ना0सु0 भारत सरकार एवं निदेशक नागरिक सुरक्षा, उ0प्र0 से प्राप्त संदेशों का वाचन किया गया। उपनियंत्रक श्री नरेन्द्र शर्मा द्वारा नागरिक सुरक्षा का परिचय, आपातकालीन सेवाओं के साथ-साथ वर्ष भर में नागरिक सुरक्षा के वार्डनों द्वारा संपादित सभी महत्वपूर्ण कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया। चीफ वार्डन श्री अनिल कुमार ने नागरिक सुरक्षा की आगामी कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कर्नल अभय सिंह एन0सी0सी0, श्री अशोक कुमार एस0पी0-प्रोटोकॉल/ हाईकोर्ट, श्री अवध नारायण एफ0एस0एस0ओ0 फायर, श्री राजेन्द्र प्रसाद तिवारी पुलिस बैंड, श्री गोविन्द ओझा पी0ए0सी0 बैंड धूमनगंज, श्री अमित कुमार ट्रैफिक इंस्पेक्टर-यातायात, जे0एच0 अमित पाण्डेय जिला कमाण्डेंट होमगार्ड आदि अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

सीधे प्रवेश

100% Placement

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

15% Fee Concession

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्ट्रिक मैकैनिक कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
➪ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक ने रेलवे चिकित्सालय का किया गहन निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गोरखपुर।** महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे चन्द्र वीर रमण ने प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ आज सोमवार को ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ब्लड बैंक में स्थापित अत्याधुनिक जांच मशीनों की कार्यप्रणाली समझी तथा रोगियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। रेलवे अस्पताल के बहिरंग विभाग के निरीक्षण के क्रम में महाप्रबन्धक ने रजिस्टेड्शन काउण्टर की कार्यप्रणाली एवं रोगियों के पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। उन्होंने दवा घर के निरीक्षण के दौरान रोगियों को दवाओं की उपलब्धता के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली तथा दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं लोकल परचेज की दवायें शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु चिकित्सा निदेशक को निर्देश दिया।महाप्रबन्धक



महाप्रबन्धक ने एक्स-रे विभाग में नवस्थापित ''कम्प्यूटराइज्ड रेडियोग्राफी सिस्टम'' का उद्घघाटन फलक अनावरण एवं फीता काटकर किया तथा इस सिस्टम की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान महाप्रबन्धक ने एक्स-रे ,अल्ट्रासाउण्ड, ब्लड बैंक,अस्पताल के अन्तरंग विभाग में आई.सी.सी.यू, आई.सी.यू., सर्जिकल आई.सी.यू., सर्जिकल वार्ड, प्रसूति वार्ड, मेडिकल वार्ड, सुपरवाइजर एवं अधिकारी रोगी केबिन, डायलिसिस यूनिट, मेडिसिन एवं हृदय रोग विभाग, मेडिकल लाइब्रेरी, किचेन तथा ऑक्सीजन प्लान्ट का गहन निरीक्षण किया तथा चिकित्सा सुविधा एवं साफ-सफाई को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने भर्ती उपचाररत मरीजों से उनकी कुशल क्षेम तथा उपचार की संतुष्टि पूछी। श्री रमण ने लिफ्ट के बगल में मरीजों के प्रथम तल पर जाने हेतु रास्ते को ठीक करने का निर्देश दिया। महाप्रबन्धक ने आँख विभाग के मशीनों तथा चिकित्सक रूम का मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये निरीक्षण किया तथा बहिरंग विभाग में मरीजों को और अच्छी सुविधायें देने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।रेलवे चिकित्सालय में स्थित झिंगरन मेमोरियल हाल में महाप्रबन्धक ने चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मियों संग बैठक की। इस दौरान महाप्रबन्धक ने कहा कि हमारा आज के निरीक्षण का उद्देश्य यह जानने के लिए है कि अस्पताल में रोगियों के लिये क्या-क्या सुविधायें उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल लगभग 100 वर्ष से अधिक पुराना है। इसको बेहतर बनाने पर सभी को विचार करना चाहिए । महाप्रबन्धक ने कहा कि यूजर का संतुष्ट होना जरूरी है। रेलवे अस्पताल के सम्बन्ध में काफी अच्छे फीडबैक मिले हैं। साथ ही कुछ फीडबैक उतने अच्छे नही हैं। सकारात्मक सोच के साथ जो कमी है उसे दूर करना होगा।

# सम्पादकीय

## सुशासन को शक्ति देने वाला ई-रुपया, नकदी के प्रबंधन में आएगी कमी लेकिन चुनौतियां अभी बाकी

नवंबर 2016 में नोटबंदी के बाद से ही भारत सरकार द्वारा डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में डिजिटल इंडिया जैसे अभियान भी तेजी से आगे बढ़े। अब यह सिलसिला डिजिटल रुपये तक आ पहुंचा है। बीते एक दिसंबर को देश के चार शहरों मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरू और भुवनेश्वर में डिजिटल रुपये के इस्तेमाल का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया। हालांकि अभी सीमित ग्राहकों और कुछ दुकानदारों तक ही यह सुविधा उपलब्ध है, मगर भविष्य में इसका प्रयोग देश भर में देखा जा सकेगा। यहां डिजिटल रुपये को ई-रुपये की संज्ञा दी जा सकती है।ई-रुपये के चलते लोगों की नकदी पर निर्भरता कम होगी। इस तरह के लेनदेन में कोई हार्ड करेंसी की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि वालेट टू वालेट इसका लेनदेन होता है। ई-रुपया जिस वालेट में रखा जाएगा, उसे आरबीआइ मुहैया कराएगा और बैंक केवल बिचौलियों का काम करेंगे। भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई, आईडीएफसी-फर्स्ट और यस बैंक से खुदरा डिजिटल रुपये लिए जा सकते हैं। अगली कड़ी में अहमदाबाद, गुवाहाटी, लखनऊ, पटना, शिमला आदि शहरों में ई-रुपये का चलन संभव होगा। ई-रुपये के लेनदेन में बैंकों को इसकी जानकारी नहीं होगी। यह सीधे एक वालेट से दूसरे में जाएगा। नकदी के मुकाबले इस पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा, लेकिन इसे नकदी के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है। आरबीआइ ने कहा है कि ई-रुपया परंपरागत नकद मुद्रा की ही तरह धारक को भरोसा, सुरक्षा और अंतिम समाधान की खूबियों से भी युक्त होगा। डिजिटलीकरण की चुनौतियां जैसे-जैसे घटेंगी, अर्थव्यवस्था वैसे-वैसे सघन होगी। भारत डिजिटल सेवा क्षेत्र में बढ़ रहे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए एक आदर्श गंतव्य है। विगत कुछ वर्षों में निजी तथा सरकारी सेवाओं को डिजिटल रूप प्रदान किया गया है। भारत में ई-गवर्नेंस के चलते सुविधाओं को बढ़ना और चुनौतियों का कमजोर होना देखा जा सकता है। किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि का हस्तांतरण डिजिटल गवर्नेंस का एक पारदर्शी उदाहरण है। ई-लर्निंग, ई-बैंकिंग, ई-सुविधा, ई-अस्पताल, ई-याचिका, ई-अदालत आदि ई-गवर्नेंस को संयुक्त रूप से ताकत दे रहे हैं। अब इसी कड़ी में ई-रुपये का प्रकटीकरण सुशासन के साथ अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला है। देश के प्रमुख शहरों के बैंकों की ओर से लगभग पौने दो करोड़ डिजिटल मुद्रा की मांग की गई थी। ई-रुपया डिजिटल टोकन आधारित व्यवस्था है, जिसे केंद्रीय बैंक जारी करता है। इसका मूल्य बैंक में लेनदेन वाले नोट के समान ही है और इसे कैश की तरह दो हजार, पांच सौ, दो सौ और सौ, पचास रुपये और बाकी मूल्यवर्ग में जारी किया जाएगा। ई-रुपये के चलते मनी लांड्रिंग जैसे मामलों पर भी शिकंजा कसना आसान होगा। मनी लांड्रिंग को लेकर आए दिन समाचार आते रहते हैं। मनी लांड्रिंग भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के साथ सुशासन के लिए चुनौती बना हुआ है। ई-रुपया एक ऐसे समय आया है, जब क्रिप्टो करेंसी चर्चा का विषय है। सरकारी संस्थाएं इसे लेकर कई चिंताओं से युक्त रही हैं। उम्मीद है कि अब ये चिंताएं कम होंगी। कंफेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स की ओर से डिजिटल मुद्रा शुरू करने के रिजर्व बैंक के निर्णय का स्वागत किया गया है, लेकिन ई-रुपये को अपनाने के लिए व्यापारिक समुदाय के बीच एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करना होगा। इसमें कोई दुविधा नहीं कि ई-रुपये का प्रभाव जैसे-जैसे बढ़ेगा, नकदी के प्रबंधन में भी कमी आएगी। इससे लेनदेन में भी नकदी को कम किया जा सकेगा। जाहिर है लोगों को जेब में नकद लेकर चलने की जरूरत नहीं रहेगी। ई-रुपया बिना इंटरनेट कनेक्टिविटी भी काम करेगा। इसके चलन से डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, जिसके लिए सरकार वर्षों से प्रयासरत है। चूंकि हर सिक्के के दो पहलू होते हैं इसलिए ई-रुपये के चलन से होने वाले लाभ के साथ संभावित नुकसान की भी चर्चा होनी चाहिए। इस तरह के लेनदेन से पूरी तरह निजता संभव होगी, यह कहना मुश्किल है, क्योंकि यह सरकार की निगरानी में संचालित होगा। ई-रुपया पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा। रिजर्व बैंक ने साफ किया है कि यदि डिजिटल रुपये पर ब्याज दिया गया तो बाजार में अस्थिरता आ सकती है। चूंकि आम तौर पर बचत खाते में जमा राशि पर निर्धारित ब्याज दर सुनिश्चित होता है, ऐसे में यदि ई-रुपये पर ब्याज दिया जाता है तो बचत खाते से पैसे निकालकर डिजिटल करेंसी में बदलने का सिलसिला चल पड़ेगा। ई-रुपये का पायलट प्रोजेक्ट करीब एक महीना चलेगा। उसके बाद ही इसके विस्तार से जुड़ी चुनौतियां और कमियों का ठीक से अंदाजा मिलेगा। ई-रुपया पारंपरिक मुद्रा का एक डिजिटल संस्करण है। ई-गर्वनेंस का शाब्दिक अर्थ आनलाइन सेवा से है। लोकतांत्रिक देशों में सरकारें लोक सशक्तिकरण की प्राप्ति हेतु एड़ी-चोटी का जोर लगाती रही हैं। भारत में 1970 में इलेक्ट्रानिक विभाग और 1977 में नेशनल इन्फार्मेटिक सेंटर के साथ इस दिशा में कदम बढ़ाया गया था। 1990 के दशक में कंप्यूटरीकरण ने इलेक्ट्रानिक व्यवस्था को मजबूती की ओर धकेला और 1991 में उदारीकरण के बाद भारत सुशासन की राह पर चल पड़ा। शनैः शनैः लोक सेवा और जन सशक्तिकरण का स्वभाव बदलता गया और सुशासन की लकीर लंबी होती गई। साल 2005 में सूचना के अधिकार और 2006 में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना ने इसे और पुख्ता कर दिया। मोदी सरकार के शासनकाल में डिजिटलीकरण को एक नया आसमान देने का प्रयास हुआ। नतीजन ई-शासन एक नई ऊंचाई पर पहुंचा।

# हमें आपस में न कोई चूँ चा रहे,बैरी का शीश सीमा पर कूँचा रहे

भारत-भारतीय का ठा0 जय करन सिंह एवं बाबू नन्हे सिंह की स्मृति में 24 वाँ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सगरा सुंदरपुर में संपन्न हुआ जिसमें कवियों ने राष्ट्रप्रेम की पंक्तियों से जहाँ राष्ट्रीय चेतना को झंकृत किया वहीं प्रेम, मोहब्बत के गीतों से भावनाओं के सागर को उथल-पुथल किया तो हास्य की कविताओं से लोगों को जमकर हँसाया और गुदगुदाया। कवि सम्मेलन को छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो0डॉ0शिव वरण शुक्ल ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन करके प्रारंभ किया।उन्होंने डॉ0रणजीत सिंह की 13वीं पुस्तक चेतना का प्रवाह का विमोचन करते हुए इसे राष्ट्र की अमूल्य थाती बताया। उन्होंने कहा कि इस कवि ने इस पुस्तक में राष्ट्रीय चेतना के जिन भावों को उकेरा है निश्चय ही यह लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को बलवती करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।विविध विषयों पर लिखी कविताओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने इस पुस्तक की उपादेयता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कवि सम्मेलन को समाज एवं राष्ट्र की महती आवश्यकता बताया।विशिष्ट अतिथि रणधीर सिंह चौहान ने कवियों एवं कविताओं को समाज का दिग्दर्शक बताया।कवि सम्मेलन का औपचारिक शुभारंभ कवयित्री जया मिश्रा की वाणी वंदना से हुई। इसके बाद जामो अमेठी के कवि विनय पाण्डेय अजय ने अपने श्रृंगार के गीतों से लोगों को भावविभोर किया। गौरीगंज के कवि पप्पू सिंह कसक ने राजनीति पर हास्य व्यंग्य की कविता पढ़कर लोगों को हँसाया तो जौनपुर के आकाश श्रीवास्तव उज्ज्वल ने अपने राष्ट्रगीत से देश प्रेम का भाव उत्पन्न किया। अमेठी के



रामबदन शुक्ला पथिक ने अपनी हास्य कविताओं से लोगों को खूब हँसाया तो भदोही के वीर रस के कवि संदीप कुमार बालाजी ने अपनी राष्ट्रभक्ति की कविताओं से लोगों को रोमांचित किया।जौनपुर के गीतकार अरुण कुमार यादव प्रयास ने ग्रामीण परिवेश पर मधुर गीत पढ़कर लोगों की प्रशंसा प्राप्त की तो सीतापुर के अरुण शर्मा बेधड़क ने ओज की कविताओं से लोगों में देशभक्ति की भावना को भरा कटनी के व्यंग्यकार शरद जायसवाल ने अपनी व्यंग्य कविताओं से वर्तमान परिवेश पर कटाक्ष कर लोगों की वाहवाही प्राप्त की। बेहोश जौनपुरी की हास्य व्यंग्य की कविताओं को लोगों ने मंत्रमुग्ध होकर सुना तो अतीक प्रतापगढ़ी के ग़ज़ल के शेर खूब दाद हासिल किए।जौनपुर की रीना श्रीवास्तव ने बेटियों पर सुंदर गीत पढ़कर लोगों का दिल जीता तो जया मिश्रा ने नारी की वर्तमान दशा पर चिंतनपरक गीत पढ़कर लोगों के हृदय का स्पर्श किया।अजय सोनी के गीत भी पसंद किये गये तो संयोजक एवं संचालक डॉ0 रणजीत सिंह ने राष्ट्रीय चेतना के स्वर इन पंक्तियों- हममें आपस में न कोई चूँ चा रहे, बैरी का शीश सीमा पर कूँचा रहे, सिर्फ एक ही तमन्ना है दिल में मेरे,यह तिरंगा सदा जग में ऊँचा रहे,से प्रस्फुटित करने के साथ ही श्रृंगार की इन पंक्तियों -मोहब्बत हो जाती जिसको यह सोने भी नहीं देती,जिगर पर जख्म देती यह पर धोने भी नहीं देती, मोहब्बत एक पागलपन,मोहब्बत है मौत की दरिया,यह हँसने भी नहीं देती,यह रोने भी नहीं देती, पढ़कर लोगों को भावविभोर किया।प्रयागराज के बिहारी लाल अंबर ने भी हास्य की कविताओं से लोगों को हँसाया।अध्यक्षता कर रहे सीतापुर के कुँवर आलोक सीतापुरी ने एक से एक सुंदर गीतों के वाचन से कार्यक्रम को सरस बनाया। कार्यक्रम में प्रो0शिवकरण शुक्ल एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ0आर आर पाण्डेय का सारस्वत सम्मान हुआ तो हर कवियों का पूर्व से घोषित नामित सम्मान किया गया। रायबरेली के कृपा शंकर द्विवेदी और पूर्व विधायक टीटूजी महराज का भी सारस्वत सम्मान किया गया।संयोजन समिति के नीतेश सिंह बीरू,सरदार विष्णु प्रताप सिंह,सरदार इंद्रजीत सिंह, श्यामजी जायसवाल आदि ने अतिथियों का स्वागत एवं भारत- भारतीय के सम्मान से उन्हें सम्मानित किया।अभय प्रताप सिंह मुन्ना ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा कार्यक्रम में शामिल लोगों का सम्मान एवं स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कोषाध्यक्ष प्रहलाद मोदनवाल की जहाँ महत्वपूर्ण भूमिका रही वहीं ढेर सारी संख्या में प्रबुद्ध वर्ग,जनप्रतिनिधि, पत्रकार,दुकानदार आदि अपनी मौजूदगी से कार्यक्रम को सफल बनाये।

# सांस्कृतिक एकता की सार्थक पहल बनकर उभरा 'काशी-तमिल संगमम'

ज्ञान एवं संस्कृतियां संवाद का सबसे बेहतर माध्यम होती हैं। वे हमारे भीतर की संवेदना, मानवीय भाव एवं रचनात्मक संवाद शक्ति को विकसित करती हैं। साथ ही वे 'आपस में जोड़ने एवं जुड़ने' के स्रोत भी देती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संस्कृति की इस शक्ति को अन्य राजनीतिक दलों से बेहतर समझते हैं। अगर व्यापक अर्थ में देखें तो राजनीति है क्या? राजनीति वस्तुतः जोड़ने एवं जुड़ने का एक माध्यम है। वही राजनीतिक दल एवं शक्ति लगातार फैलती जाती है, जो समाज




में रचनात्मक ढंग से संवादों के प्रकार खोजती रहती है और मानस में उनका सार्थक उपयोग करती है। यही पद्धति न केवल राजनीति, वरन समाज निर्माण में भी मदद करती है। समाज वस्तुतः विविधता में एकता के दर्शन पर खड़ा होता है, जिसमें एकात्मकता का भाव अनेक विविधाताओं को जोड़ता रहता है। इसी से ज्ञान एवं संस्कृतियों में हमारी टकराहटें, हमारे तनाव, हमारी प्रतिद्वंद्विता एवं संघर्ष का भी भाव तिरोहित होता है। ज्ञान एवं संस्कृति समाज के दो परिक्षेत्र हैं, जिनमें संगम एवं सम्मिलन का भाव जागृत होता है। इसीलिए प्रशासन एवं राजनीति को संस्कृति एवं ज्ञान की जरूरत होती है, जिनके माध्यम से सामान्य जीवन में एकात्मकता का भाव जगाया जा सके। बनारस में चल रहा 'काशी-तमिल संगमम' एक ऐसा ही प्रयास है। 'काशी-तमिल संगमम' एक महीने तक चलने वाला कार्यक्रम है, जिसमें काशी एवं तमिल संस्कृति के बीच समाहित अनेक तरह की समानताओं और संवादों को जागृत कर तथा उन्हें पुनर्नवा करने की प्रक्रिया चल रही है। साहित्य, संस्कृति, भाषा, धर्म, ज्ञान, कला, विज्ञान, तकनीक, देशज उद्यमों से जुड़े हिंदी पट्टी एवं तमिल क्षेत्रों के विशेषज्ञ एवं कलावंत इस कार्यक्रम में शामिल होकर संवाद कर रहे हैं।

# विश्व को दिशा देने का अवसर भारत को 'अग्रणी शक्ति' के रूप में बदलने के संकल्प को साकार करने का समय

भारत ने इसी एक दिसंबर को जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता संभाल ली। इस जिम्मेदारी को लेकर मोदी सरकार कितनी गंभीर है, इसका पता पिछले दिनों इसे लेकर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक से भी चलता है और उन तैयारियों से भी जो देश के विभिन्न स्थानों पर हो रही हैं। जी-20 जैसे विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के संस्थान का नेतृत्व करना देश के




लिए प्रतिष्ठा का विषय है। यह एक ऐतिहासिक दायित्व भी है। जिन बहुआयामी आर्थिक और भूराजनीतिक संकटों से विश्व गुजर रहा है, उनके समाधान का भार जी-20 के कंधों पर है। मूलतः यह संस्थान बदलती विश्व व्यवस्था के संदर्भ में संकटों से लड़ने के लिए बनाया गया एक अनूठा मंच है। इसकी सफलता पर ही धरती के सभी निवासियों का कल्याण निर्भर है। जी-20 के सदस्य देशों की कुल आबादी विश्व की लगभग दो तिहाई जनसंख्या जितनी है, पर चूंकि विश्व के सभी देश और लोग एक सूत्र और जुड़ी हुई व्यवस्था में बंधे हुए हैं, लिहाजा यह मानकर चलना उचित होगा कि दुनिया की समस्त आठ अरब आबादी का जिम्मा न केवल उनकी सरकारों, बल्कि जी-20 पर भी है। जी-20 संगठन विश्व सरकार तो नहीं है, लेकिन वैश्विक शासन और सामूहिक कार्य का एकमात्र विश्वसनीय माध्यम जरूर है। कई मामलों में संयुक्त राष्ट्र की शिथिलता और असफलता के मद्देनजर जी-20 आज अधिक प्रासंगिक बन गया है। भारत समेत ब्राजील, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्किये, सऊदी अरब और अर्जेंटीना जैसी उभरती शक्तियों को जो स्थान और सम्मान संयुक्त राष्ट्र में नहीं मिल पाया है, वह जी-20 ने प्रदान किया है। बड़े विकासशील देशों को वैश्विक शासन में भागीदार बनने का अवसर जी-20 के माध्यम से ही मिला है। सदस्यता और कार्यप्रणाली में लचीलेपन के वजह से ही यह संगठन अंतरराष्ट्रीय आशाओं का केंद्रबिंदु बना हुआ है। जी-20 की शक्ति इस गुण में है कि यह सदस्य देशों पर बाध्यकारी कानून को लागू करने वाला औपचारिक अंतरसरकारी संगठन नहीं है। जी-20 देशों का साझा बयान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव से काफी भिन्न होता है। इसके निर्णयों में सख्त अंतरराष्ट्रीय कानून और अनुपालन के निहितार्थ नहीं होते।

# हिमाचल में लगभग जीत की देहरी पर ठिठकी भाजपा, लेकिन 2024 की दौड़ में वह फिलहाल काफी आगे

हालिया चुनाव परिणाम राजनीतिक दलों के लिए कुछ खट्टे-मीठे अनुभव वाले रहे। राजनीतिक दल अमूमन मीठे अनुभवों को तो बहुत सहजता से लेते हैं, लेकिन खट्टे अनुभव में छिपी सीख को अनदेखा करते हैं। चूंकि आगामी आम चुनाव में बमुश्किल 16 से 18 महीने का समय शेष है और उससे पहले कई राज्यों में नियमित अंतराल पर चुनाव होने हैं तो इस जनादेश के गहरे निहितार्थ हैं। अगले साल की पहली छमाही में कर्नाटक के अलावा पूर्वोत्तर के राज्यों में चुनाव होने हैं तो दूसरी छमाही में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होंगे। फिर 2024 में लोकसभा के साथ-साथ कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में राजनीतिक दलों को गुजरात-हिमाचल के नतीजों की थाह लेकर आगे की रणनीति तैयार करनी होगी। जहां तक राज्यों की बात है तो उनका गणित अलग है। वहां पार्टियों का राज्य स्तरीय नेतृत्व और सांगठनिक क्षमताओं जैसे अलग-अलग मुद्दे हावी रहेंगे, जिस कारण किसी एक दल का पूर्ण वर्चस्व मुश्किल दिखता है। हिमाचल इसका ताजा उदाहरण है, जहां भाजपा मामूली अंतर से चुनाव हार गई। वहां उसका डबल इंजन का दांव कारगर नहीं रहा, क्योंकि स्थानीय पहलू हावी रहे। वहीं गुजरात का चुनाव राज्य से अधिक राष्ट्रीय विमर्श के आधार पर लड़ा गया, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी का राज्य के साथ जुड़ाव, गुजराती अस्मिता, राष्ट्रवाद और कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों का मुद्दा केंद्र में रहा। दूसरी ओर, हिमाचल में आप के सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो जाना दर्शाता है कि देश के सभी हिस्सों में आप का दिल्ली या पंजाब वाला दांव इतनी आसानी से फलीभूत नहीं हो सकता। उसे इसके लिए जमीन पर लंबे समय तक मेहनत करनी होगी। हालांकि, गुजरात में जिस प्रकार आप का खाता खुला है और उसने अपनी मौजूदगी दिखाई है, उससे वह एक राष्ट्रीय दल बनने की राह पर बढ़ गई है। इस तरह से भी इन चुनावों का राष्ट्रीय राजनीति के परिप्रेक्ष्य में महत्व और बढ़ गया है। भाजपा को भले ही राज्यों के चुनाव में कुछ चुनौती मिल रही हो, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर वह प्रतिद्वंद्वी दलों से खासी आगे है। ऐसा इसलिए, क्योंकि पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के साथ ही आप के रूप में उसके लिए एक नई चुनौती उभर रही है, जिससे भाजपा विरोधी मतों में बिखराव संभव है, जैसा गुजरात में हुआ। वहीं, हिमाचल के चुनावी रण से अंतिम क्षणों में किनारा करके पलायन कर गई आप के बाद भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला हुआ, जिसमें बेहद करीबी संघर्ष में भाजपा जीतते-जीतते भी हार गई। ऐसे में राष्ट्रीय राजनीति के समीकरण बहुत कुछ इस पर निर्भर करते हैं कि आप और कांग्रेस में राजनीतिक संघर्ष इसी प्रकार जारी रहेगा या फिर उनमें संघर्ष विराम हो जाएगा। यह बहुत कुछ इस पर निर्भर करेगा कि आप अन्य राज्यों में भी कांग्रेस का रास्ता काटती है या नहीं। हालांकि, आप की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को देखते हुए लगता नहीं कि वह कांग्रेस के साथ दोस्ताना संबंध बनाने की राह पर बढ़ेगी। अन्य क्षेत्रीय क्षत्रपों की बात करें तो उनकी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा समय-समय पर हिलोरे मारती हैं, लेकिन वे अपनी सीमाओं से भी भलीभांति अवगत हैं। इन पार्टियों की मूल प्राथमिकता अपने राजनीतिक गढ़ों को बचाए रखने की है। जैसे कि तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक। इन दलों के पास मजबूत संगठन है, लेकिन वे अपनी पूरी ऊर्जा राज्यों में अपना किला बचाए रखने में खर्च करने को तरजीह देंगे। सपा-बसपा जैसे दलों के पास राजनीतिक फलक तो बहुत बड़ा है, लेकिन फिलहाल वे निस्तेज दिखते हैं। वहीं बीजद और वाइएसआर कांग्रेस जैसे दलों की राष्ट्रीय राजनीति में कोई खास रुचि नहीं। ऐसे में यदि आम चुनाव से पहले भाजपा के विरुद्ध कोई राजनीतिक गोलबंदी करनी है तो इन दलों को किसी सहमति पर पहुंचना होगा। अन्यथा 2024 का चुनाव भाजपा-राजग, कांग्रेस, आप और चौथे राजनीतिक धड़े के चतुष्कोणीय पेच में फंसकर रह जाएगा। मूल रूप से अपने राज्यों तक सीमित दलों के रुख-रवैये को देखते हुए यही आसार अधिक हैं कि आगामी आम चुनाव भाजपा, कांग्रेस और आप के बीच त्रिकोणीय संघर्ष का रूप लेगा। ऐसे में उनकी कार्यप्रणाली को समझने से उनकी संभावनाओं की थाह ली जा सकती है। भाजपा की बात करें तो वह छोटे से छोटे चुनाव के लिए बड़ी मेहनत करने से नहीं हिचकती। यहां तक कि निकाय चुनाव में भी वह अपने नेताओं और संसाधनों को झोंक देती है। इससे उसके विषय में यही धारणा बनती है कि वह प्रत्येक चुनाव को गंभीरता से लेती है और उसे अपनी वैचारिक लड़ाई का मैदान बना देती है। दूसरी ओर, कांग्रेस के पास सशक्त स्थानीय नेतृत्व हो तो वह बाजी पलटने में भी सक्षम है, जैसा हिमाचल में हुआ। वहीं गुजरात में वह हत्थे से उखड़ गई और उसने चुनाव में एक तरह से भाजपा को वाकओवर दे दिया। शायद यह कांग्रेस की राजनीतिक निष्क्रियता ही थी कि उसकी सियासी जमीन पर आप काबिज हो गई। कांग्रेस के उलट आप चुनाव तो पूरे दमखम से लड़ती है, लेकिन उसके पास वैसा सांगठनिक ढांचा नहीं है, जो राष्ट्रीय स्तर पर दमदार मौजूदगी के लिए आवश्यक है। साथ ही वैचारिक उधेड़बुन भी आप की राह में बड़ी बाधा है। पार्टी कभी खुद को सेक्युलर दिखाने की कोशिश करती है तो कभी हिंदुत्व का सहारा लेती है। उसे समझना होगा कि राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक शक्ति बनने के लिए वैचारिक स्पष्टता अत्यंत आवश्यक है। अन्यथा मतदाता भ्रम और दुविधा के शिकार हो जाते हैं। बहरहाल, हिमाचल में लगभग जीत की देहरी पर ठिठकी भाजपा और गुजरात में उसे मिले ऐतिहासिक जनादेश का संदेश यही है कि 2024 की दौड़ में फिलहाल भाजपा काफी आगे है और उसे पछाड़ने के लिए विरोधी दलों के पास संसाधनों का अभाव तो है ही, साथ ही समय भी उनके हाथ से फिसला जा रहा है। ऐसे में वे जितनी जल्दी इन बाधाओं को दूर करने में सक्षम होंगे।



# विकास की राजनीति को मिला आशीर्वाद वादों की हकीकत परखते मतदाता

विधानसभा चुनावों में भाजपा ने रिकार्ड सीटों के साथ गुजरात अपने नाम कर लिया और कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में सत्ता हासिल की। इसके पहले दिल्ली नगर निगम चुनावों में आम आदमी पार्टी ने जीत हासिल की। भाजपा ने इस बार गुजरात में 2002 के चुनाव के अपने ही रिकार्ड को तोड़ दिया। तब मुख्यमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने 127 सीटें हासिल की थीं, जबकि इस बार उसने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 156 सीटों पर कब्जा जमाया। गुजरात में प्रो इनकंबेसी यानी सत्ता समर्थक लहर पर सवार होकर मौजूदा मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल फिर से मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। गुजरात की जीत पर पीएम मोदी ने दिल छू लेने वाले संदेश में लोगों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा,' विकास की राजनीति को आशीर्वाद मिला।' इस पर कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कांग्रेस ने गुजरात में अपना अब तक का सबसे कम सीटों का आंकड़ा दर्ज किया। इसके लिए उसकी कमजोर रणनीति जिम्मेदार रही। गुजरात में करारी हार का सामना करने वाली कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश की सत्ता हासिल की। हिमाचल में कांग्रेस ने 68 सीटों वाली विधानसभा में 40 सीटें जीतीं। हिमाचल कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा सिंह ने जिस तरह यह कहा कि नए विधायक चर्चा करेंगे कि अगला मुख्यमंत्री कौन होना चाहिए और फिर पार्टी आलाकमान को अपनी राय देंगे, उससे स्पष्ट है कि वह अपना दावा मजबूती से पेश कर रही हैं। हिमाचल में आम आदमी पार्टी भी मैदान में थी,




लेकिन वह कुछ खास नहीं कर पाई। गुजरात में अवश्य वह कांग्रेस के विकल्प के रूप में सामने आती दिखी। वह राष्ट्रीय पार्टी के रूप में उभर आई है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो आप को राष्ट्रीय परिदृश्य में संभावित उम्मीदवार के रूप में देखा जा सकता है। आप ने निश्चित रूप से कांग्रेस की विफलताओं का फायदा उठाया और कांग्रेस के वोट बैंक में बड़ी सेंध लगाई। गुजरात में कांग्रेस का सफाया हो गया और उसने अब तक की सबसे कम सीटें हासिल कीं। सौराष्ट्र-कच्छ में कांग्रेस को करारी शिकस्त मिली, जहां 2017 के नतीजे के उलट परिणाम आए। कृषि प्रधान क्षेत्र होने के कारण यहां मतदाताओं के असंतोष को शुरू में भाजपा के लिए एक समस्या माना गया, मगर कांग्रेस से मोहभंग ने उसका काम आसान किया। सौराष्ट्र और उत्तर गुजरात में पीएम मोदी ने बिजली और पानी की उपलब्धता के साथ अन्य सुधारों पर प्रकाश डाला। इसी तरह राज्य के दक्षिणी हिस्से में उन्होंने आदिवासियों के लिए किए गए कार्यों, स्कूल, अस्पताल खोलने और किसानों की मदद करने के मुद्दे उठाए। ऐसे समय में जब विपक्ष के लिए कमजोर बिंदुओं का फायदा उठाना सबसे आसान था, तब पीएम मोदी ने अपनी ताकत गिनवाई। गुजरात में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, सिंचाई और बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल हुई हैं। इसका श्रेय भाजपा को जाता है। एक ऐसे राज्य के लिए जहां कर्फ्यू और अशांति आम बात थी, वहां पिछले 20 साल शांति और प्रगति लेकर आए हैं। ऐसे में जब मतदाता मतदान करने गए तो भाजपा का आभार जताने से नहीं चूके। भाजपा के लिए 2022 एक अच्छा साल रहा, क्योंकि उसने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में उलटफेर किया। डबल इंजन माडल को आम लोगों का सहयोग मिला और देश को सत्ता समर्थन की राजनीति का उदय देखने को मिला। वहीं, हिमाचल में भाजपा को अंदरूनी कलह, बदलाव की लालसा और खेमेबाजी का नुकसान उठाना पड़ा। भाजपा की इन्हीं कमियों के परिणामस्वरूप कांग्रेस ने जीत हासिल की। भाजपा ने राज्य में बारी-बारी से सत्ता परिवर्तन के 'रिवाज' को बदलने के लिए जोरदार अभियान चलाया, लेकिन यहां लोगों ने हर पांच साल में दूसरी पार्टी को सत्ता सौंपने का सिलसिला कायम रखा। जहां कांग्रेस स्थानीय मुद्दों को भुना रही थी, वहीं भाजपा चुनाव को 'मोदी बनाम कौन' की लड़ाई में बदलने की कोशिश कर रही थी।

## संक्षिप्त समाचार

### जयराम रमेश ने बताया गुजरात में कांग्रेस के हार की वजह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आखिरकार उत्तर प्रदेश की तरह ही कांग्रेस ने गुजरात विधानसभा चुनाव में करारी हार का ठीकरा भी प्रदेश नेतृत्व के सिर फोड़ दिया है। हार को स्वीकार करने के साथ ही पार्टी के संचार महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया है कि मुकाबला सिर्फ कांग्रेस और भाजपा के बीच नहीं था, बल्कि भाजपा का अघोषित गठबंधन एआइएमआइएम और आम आदमी पार्टी के साथ था। हालांकि, इस हार को निराशाजनक बताते हुए उन्होंने आत्मचिंतन और स्थानीय नेतृत्व को लेकर सख्त निर्णय की बात कही, जिससे साफ है कि पार्टी



हाईकमान गुजरात में सिरे से संगठन के पत्ते फेंटने का मन बना चुका है। गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनाव परिणाम आने के बाद शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में जयराम रमेश ने मीडिया से बातचीत में माना कि गुजरात के परिणाम बेहद निराशाजनक हैं। वोट प्रतिशत 40 से घटकर 27 पर प्रतिशत रह गया। हालांकि, आस जताई कि अगले चुनाव में यह वोट प्रतिशत फिर 27 से बढ़कर 40 भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि गुजरात में पार्टी के लिए आत्मचिंतन, प्रदेश नेतृत्व को लेकर सख्त निर्णय और एकजुट होने का समय है। प्रदेश में अब नए चेहरों को नेतृत्व सौंपने पर गहनचिंतन और फैसले का वक्त आ गया है। हार की स्वीकारोक्ति के साथ जयराम बचाव में दलीलें भी देते नजर आए।जयराम रमेश ने आगे कहा, 'गुजरात में जी-20 छोड़िए, जी-2 यानी प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने रैलियां कीं। आचार संहिता का उल्लंघन भी किया। कांग्रेस की शिकायतों का संज्ञान नहीं लिया गया। साथ ही आरोप लगाया कि वहां कांग्रेस के खिलाफ एआइएमआइएम और आम आदमी पार्टी का अघोषित गठबंधन था। डर और भय का माहौल तैयार किया गया।संचार महासचिव ने कहा कि गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनाव एक साथ होने थे, लेकिन अलग-अलग कराए गए। प्रधानमंत्री ने सिर्फ गुजरात पर फोकस नहीं किया, बल्कि हिमाचल में भी दस रैलियां कीं।

## ईपीसीएच-तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम ने हस्तशिल्प क्षेत्र की प्रोफेशनल मदद के लिए हाथ मिलाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** एक्सपोर्ट प्रमोशन्स काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट और तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम (टीपीएफ) के बीच टैक्सेशन, कौशल, एक्सपोर्ट



डॉक्यूमेंटेशन आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता साझा करने में एक-दूसरे की मदद के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की जानकारी राकेश कुमार, महानिदेशक-ईपीसीएच ने दी । तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम एक निकाय है जिसमें भारत भर से 7000ह पेशेवर रूप से योग्य व्यक्ति शामिल हैं जैसे एडवोकेट, डॉक्टर, चार्टर्ड एकाउंटेंट, एमबीए, एमसीए, इंजीनियर, सिविल सेवक, पीएचडी, प्रोफेसर आदि जो तेरापंथ समाज से संबंधित हैं और अपने संबंधित क्षेत्रों में इंटेलेक्ट सेवाओं के माध्यम से बड़े पैमाने पर समाज की सेवा करते हैं। समझौता ज्ञापन पर राकेश कुमार, महानिदेशक-ईपीसीएच, श्री पंकज ओस्तवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष-टीपीएफ राजेश कुमार जैन-दिल्ली अध्यक्ष-टीपीएफ; अभय चांडालिया-राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के सदस्य-टीपीएफ, सुश्री कविता बर्दिया-दिल्ली सचिव-टीपीएफ की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के माध्यम से, ईपीसीएच अपने सदस्यों के लिए टीपीएफ से जीएसटी, कॉर्पोरेट टैक्स, आयकर और अन्य निर्यात टैक्सेशन के संबंध में पेशेवर मदद मांगेगा और टीपीएफ को अपने सदस्यों को निर्यात प्रक्रिया और दस्ता वेज़ीकरण की जानकारी प्रदान करने में मदद करेगा। ईपीसीएच देश से दुनिया के विभिन्न गंतव्यों में हस्तशिल्प के निर्यात को बढ़ावा देने और हस्तशिल्प वस्तुओं और सेवाओं की उच्च गुणवत्ता के विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में विदेशों में भारत की छवि पेश करने के लिए एक नोडल एजेंसी है। वर्ष 2021-22 के दौरान हस्तशिल्प निर्यात रु. 33253.00 करोड़ (ळए त्र् 4459.76 मिलियन) पिछले वर्ष की तुलना में रुपये के संदर्भ में 29.49ज्ञ् और डॉलर के संदर्भ में 28.90ज्ञ् की वृद्धि दर्ज करते हुए राकेश कुमार, प्रबंध निदेशक द्वारा रिपोर्ट की गयी।

## भारत जोडो यात्रा बिसरख से हुई शुरू



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** भारत जोड़ो यात्रा ग्रेटर नोएडा बिसरख से शुरू हुई। प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी के नेतृत्व में पश्चिम उत्तर प्रदेश में यात्रा की शुरुआत की गई। इस यात्रा में शामिल होते हुए किसान नेता पूनम पंडित, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य दिनेश आवाना, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य व पूर्व अध्यक्ष नोएडा शहाबुद्दीन ,योगेंद्र भाटी, नरेंद्र भाटी, परमवीर लोहिया , राजकुमार भारती, प्रेम शाह, सोनू मिश्रा, सोमवती, सुनीता, गायत्री, कुसुम ,गुड्डन, सुमन, कल्पना, राम गुप्ता, गौरव आधाना, वीरेंद्र मुखिया व अन्य लोग मौजूद रहे।

## मैहर थाना प्रभारी संतोष तिवारी ने, जनसामान्य सड़क सुरक्षा को लेकर मैहर घंटाघर चौराहे में आम जनमानस के साथ शपथ ली

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतना।** पुलिस मुख्यालय के आदेश अनुसार मध्य प्रदेश के हर थाना क्षेत्र में आज आम जनमानस के साथ पुलिस शपथ ले रही है, जिसमें स्कूल



के छात्र बुजुर्ग बच्चे महिलाएं सभी शामिल हो रहे हैं और शपथ ले रहे हैं कि यातायात नियमों का हम पालन करेंगे, दो पहिया वाहन चलाते समय हम हेलमेट लगाएंगे, शराब पीकर गाड़ी कभी नहीं चलाएंगे,गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात नहीं करेंगे, एंबुलेंस को रास्ता देंगे,एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाएंगे,इन सभी नियमों के लिए शपथ दिलवाई गई जोकि आमजनमानस के ट्रैफिक नियम को पालन करने के लिए एक अच्छी पहल है। जिससे अच्छा संदेश जाता है।

## श्रीमद्भगवत कथा के दूसरे दिन अमर कथा, शुकदेव जन्म का किया वर्णन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।**सेक्टर 93 श्रमिक कुंज प्रथम के शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास विनोद कृष्ण महाराज ने अमर



कथा का रोचक वर्णन किया। भगवान शिव माता पार्वती को अमर कथा सुना रहे हैं , माता को कथा सुनते सुनते नींद आ जाती है और उनकी जगह एक तोता हुंकारी भरने लगता है। जब शिव जी को पता चला कि एक पक्षी चोरी छुपे कथा का श्रवण कर रहा है तो उन्होंने शुक को मारने के लिए त्रशूल लेकर उसके पीछे दौड़े। तीनों लोकों में भागता शूक व्यास जी के आश्रम पहुंचा और उनकी पत्नी के मुख से गर्भाशय में पहुंच गया जहां वह बारह वर्ष तक रहे। पिता व्यास जी ने प्रार्थना की बेटा बाहर आ जाओ उन्होंने कहा कि बाहर माया का जाल है इसलिए बाहर नहीं आऊंगा। भगवान कृष्ण के आश्वासन के बाद जन्म लिया। जन्म लेनें के बाद वह तपस्या के लिए वन चले गए। आयोजन समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने बताया कि 10 दिसंबर को कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित्र, जड़ भरत की कथा, वामन अवतार आदि कथाओं का व्यास जी द्वारा वर्णन किया जाएगा। कथा रोजाना 3 बजे से 7 बजे तक हो रही है। आप सभी भगवत चरण अनुरागी भक्तजन कथा में पधारकर कथा रूपी अमृत का पान अवश्य करें। इस अवसर पर आयोजन समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे, मुख्य यजमान श्यामानंद मिश्रा, पंडित महेश पाठक शास्त्री, पंडित महादेव शर्मा,रवि राघव, गोरेलाल, सुशील पाल, जितेंद्र ठाकुर, प्रमोद यादव, एनके सोलंकी, संटू मिश्रा सहित तमाम भगवत्प्रेमी भक्तजन मौजूद रहे।

## फिल्म मेकिंग की कला आपको दे सकती है अंतर्राष्ट्रीय पहचान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** गलगोटिया विश्व विद्यालय के स्कूल ऑफ़ लिबरल एजुकेशन के द्वारा दो दिवसीय फिल्म मेकिंग वर्कशॉप का शुभारम्भ किया गया। अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्मात्री विंकी सिंह, डीआईएमटीपी के डायरेक्टर संजय सिंह और विश्वविद्यालय की सलाहकार प्रो0 डॉ0 रेनू लूथरा ने दीप प्रज्ज्वलन कर वर्कशॉप का शुभारम्भ किया। इस दौरान प्रोफेसर डॉ0 रेनू लुथरा ने सभी अथितियों को स्मृति-



चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। छात्रों को संबोधित करते हुए फिल्म निर्मात्री विंकी सिंह ने कहा कि फिल्म मेकिंग एक कला है, लेकिन इसके लिए अच्छे आयडिया, अच्छी स्क्रिप्ट राइटिंग और अच्छे कैमरा निर्देशन की जरूरत होती है। डॉ0 लूथरा ने विद्यार्थियों को बहुमुखी प्रतिभा व कौशल अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने विषयों के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा का विकास करें, यही समय की मांग है। लिबरल एजुकेशन स्कूल की डीन डॉ0 अनुराधा पाराशर ने अपने संबोधन में फिल्म मेकिंग के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि फिल्में समाज का आइना होती हैं। आप एक अच्छी फिल्म बनाकर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान भी बना सकते हैं। दूसरे सत्र में विंकी सिंह ने प्रतिभागियों को फिल्म मेकिंग से जुड़े तकनीकी बारीकियों के बारे में सिखाया। उन्होंने दस-दस विद्यार्थियों के ग्रुप बनाये और उन्हें एक शॉर्ट फिल्म बनाने के लिए कहा। उन्होंने प्रतिभागियों को उनकी बनायी शॉर्ट फिल्मों पर अपनी राय व्यक्त की और उन्हें उनकी कमियों के बारे में बताया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की ऑपरेशन डायरेक्टर एडवोकेट अराधना गलगोटिया और कुलपति डॉ0 के0 मल्लिखार्जुन बाबू की अध्यक्षता में डिजीटल इंटरफेसड मीडिया एंड टेलीविजन प्रोडक्शन कंपनी के साथ एक समझौता-ज्ञापन पर भी साइन किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव नितिन कुमार गौड़ मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ध्रुव गलगोटिया ने इस वर्कशॉप के सफलतापूर्वक संचालन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। छात्रों में फिल्म निर्माण की इस कार्यशाला को लेकर अत्यंत उत्साह दिखाई दिया।

## जिलाधिकारी ने विकास कार्यो की समीक्षा कर दिया निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्ज़ापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभागार में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमो, 50 लाख से अधिक लागत के निर्माणाधीन परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा कर दिया निर्देश। उन्होंने जनपद में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/हेल्थ वेलनेस सेंटरों में चिकित्सको की तैनाती न किये जाने मुख्य चिकित्साधिकारी पर कड़ी नराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि मुख्य विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये दो दिवस के अन्दर प्रत्येक प्राािमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सकों की तैनाती करते हुये क्रियाशील किया जाय। आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत गोल्डन कार्ड प्रगति को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। बैठक में नोडल अधिकारी/अपर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि गोल्डन कार्ड बनाने के लिये प्रत्येक ग्राम सभाओं के पंचायत सहायकों को आई0डी0 व पासवर्ड उपलब्ध करा दिया गया हैं अगले माह से प्रगति बढ़ जायेगी। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया सभी पंचायत सहायकों को प्राथमिकता के आधार पर गोल्डन कार्ड बनाने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करें। आपरेशन कायाकल्प के



अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो में प्रगति लाने का निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिया।उन्होंनेनिर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में एक अधूरे पंचायत भवन को तत्काल पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। हैण्डपम्पों का रिबोर व मरम्मत स्वच्छ भारत मिशन नगरीय/ग्रामीण, अपशिष्ट प्रबन्धन अमृत योजना की भी बिन्दुवार समीक्षा की । प्रधानमंत्री आवास शहरी के तहत बताया गया कि प्रथम व द्वितीय किश्त व्यय के उपरान्त ही तृतीय किश्त जारी किया जायेगा। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष 8365 लाभार्थियों को प्रथम किश्त हेतु 8316 को द्वितीय किश्त हेतु एवं 8197 को तृतीय किश्त हेतु एफ0टी0ओ0 लगाया गया हैं तथा कुल 8209 आवास पूर्ण कराये गये हैं। परियोजना प्रबन्धक डी0आर0डी0ए0 ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु 5513 का नया लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसके आवंटन हेतु कार्यवाही की जा रही हैं। बैठक में एन0आर0एल0एम0 तथा बताया गया कि 1766 समूहो के गठन के सापेक्ष 1760 समूहो का गठन पूर्ण करा लिया गया हैं। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन के तहत कराये जा रहे कार्यो में तेजी लायी जाय ताकि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सकें। उन्होने लहुरियादह पेयजल योजना में भी तेजी लाने का निर्देश दिया। खाद्य सुरक्षा के अन्तर्गत आधार सीडिंग एवं आधार प्रमाणीकरण, रिक्त दुकानों का व्यवस्थापन, मत्स्य पालन, औद्यानिक मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना, छात्रवृति, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, कन्या सुमंगला, आई0सी0डी0एस0 आदि विभागों की समीक्षा की गयी। आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण के सम्बन्ध में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-21 में 18 भवनों के सापेक्ष 15 भवन पूर्ण कराये गये शेष 03 भवनों में पेयजल एवं बाह्य विद्युत संयोजन होते ही पूर्ण करा लिया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2021-22 में स्वीकृत 25 भवनों के सापेक्ष 23 भवनों पर कार्य प्रगति पर हैं। दो भवनों का निर्माण स्थल परिवर्तित हो गया हैं। कार्यदायी संस्था द्वारा शीघ्र कार्य करने का आश्वासन दिया । 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुये कहा कि पूर्ण परियोजनाओं को तत्काल हैण्डओवर करना सुनिश्चित करायें ताकि उसका उपयोग जन सामान्य के लिये किया जा सकें। मॉडल स्कूल बैरमपुर एवं महामलपुर के सम्बन्ध में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा बताया गया कि गत बैठक में लिये गये निर्णय के अनुपालन में सम्बन्धित एजेंसी के विरूद्ध कार्य पूर्ण न किये जाने पर एफ0आई0आर0 दर्ज करा दी गयी हैं। नवीन राजकीय हाईस्कूल जो पूर्ण हो चुके है उनके भौतिक सत्यापन के लिये मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि टेक्टिकल टीम बनाकर सत्यापन कराते हुये हैण्डओवर कराना सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी नले कहा कि निर्माणधीन परियोजनाओं में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देते हुये समयावधि के अन्दर पूर्ण कराया जाय। बैठक में सालिडबेस मैंनेजमेंट के अन्तर्गत 50 व्यक्तियों की क्षमता के आश्रय स्थल, वाह्य न्यायालय चुनार, मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत विकास खण्ड चुनार में अदलपुरा शीतला मन्दिर के किनारे पक्का घाट, 39वीं वाहनी पी0ए0सी0 आवासीय भवन, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इंटर कालेज दीपनगर, समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय सहित अन्य सभी निर्माणाधीन कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की गयी तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया बैठक में सीडीओ लक्ष्मी बीएस प्रभागीय वनाधिकारी अरविन्द कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेंन्द्र प्रसाद, परियोजना प्रबन्धक डी0आ0डी0ए0 अनय मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी अरविन्द कुमार, उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा, उप निदेशक कृषि अशोक उपाध्याय सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## जे एस डी धर्म पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान मे शपथ ली



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।**सेक्टर 127 जे एस डी धर्म पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सड़क सुरक्षा अभियान को मजबूत बनाने के लिए संकल्प लिया। पिछले एक महीने से राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता अभियान किया जा रहा है। इसमें सड़क दुर्घटना से बचने व नियमों के पालन के लिए लोगों को जागरूक किया गया है। इसी के तहत जे एस डी धर्म पब्लिक स्कूल के प्रबंधक धर्मेन्द्र सिंह एवं प्रधानाचार्या श्रीमती संतोष सिह ने विद्यालय के सभी बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों को सही तरीके से पालन करने के लिए संकल्प दिलाया और सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में भी चर्चा की।और उन्होंने ने समाज के हर तबके के लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप भी इस महा अभियान में सहभागी बनें क्योंकि दौड़ती भागती सड़कों पर हर जिंदगी अनमोल है।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान मे उ प्र उद्योग व्यापार मंडल ने संकल्प लिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सेक्टर 9 मे उत्तर प्रदेश की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए तथा लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने ट्रैफिक



पुलिस नोएडा द्वारा एक अभियान की पहल की गई है। जिसमे ट्रैफिक विभाग की तरफ से ट्रैफिक इंस्पेक्टर राम सिंह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रहे। इस आयोजन मे सुनील गुप्ता एन सी आर अध्यक्ष के नेतृत्व मे सभी पदाधिकारियों/सदस्यों एवं जन सामान्य द्वारा सड़क सुरक्षा के जागरूकता के संबंध में शपथ ग्रहण कर यातायात के नियमों का सुचारू रूप से पालन करने का आश्वासन दिया। इस आयोजन मे अध्यक्ष संजय जैन, सत्यनारायण गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल, संगठन महामंत्री मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमाकांत गर्ग, उपाध्यक्ष फूल सिंह यादव, सचिव गोविंद अग्रवाल, सचिव रोहित भाटिया, तनवीर चौधरी, कन्हैया गुप्ता, महिलाओं में श्रीमती रेनू बाला शर्मा, श्रीमती मंजू शर्मा, श्रीमती आशा पोदार, श्रीमती रेहाना अली, श्रीमती किरण कुशवाह समेत सैकड़ों लोगों ने इस आयोजन में भाग लिया एवं शपथ ग्रहण किया ।

## सेक्टर 93 में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भगवत कथा शुरू


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सेक्टर 93 श्रमिक कुंज प्रथम के शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस



गुरुवार को ढोल नगाड़ों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा सेक्टर 93 एवं सेक्टर 82 में घूमती हुई पुनः सेक्टर 93 के शिव मंदिर परिसर स्थित कथा स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा के दौरान सेक्टर की महिलाओं ने कलश अपने सर पर धारण कर नाचते गाते वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कलश यात्रा के उपरांत मंत्रोच्चार के बीच पुराण पूजन एवं व्यास जी का तिलक कर पूजन किया गया। कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास आचार्य विनोद कृष्ण ने भागवत माहात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि जब कोटि जन्मों का पुण्य उदय होता है तब जाकर हमें श्रीमद्भागवत कथा सुनने को मिलती है। कथा के श्रवण मात्र से हमारे मेरु पर्वत के समान पापों का शमन हो जाता है। इसलिए जीवन में हमेशा नेक कार्य करते रहना चाहिए। परोपकार की भावना हमारे जीवन को श्रेष्ठता प्रदान कर भगवान के निकट ले जाने का कार्य करती है वहीं दुर्व्यसन हमें पतन की ओर ले जाते हैं। कथा व्यास आचार्य विनोद कृष्ण ने कथा सुनाते हुए कहा कि पावन नैमिषारण्य तीर्थ में सूत जी महाराज कथा सुना रहे हैं और सौनकादिक ऋषि श्रोता के रूप में कथा का श्रवण कर रहे हैं। सूत जी ने भागवत का महात्म्य बताते हुए कृष्ण भक्ति को श्रेष्ठ बताया। भक्ति, ग्यान, वैराग्य की विषद व्याख्या के अलावा गोकरण धुन्धकारी की कथा एवं शुकदेव जन्म आदि की कथा सुनाई। इस अवसर पर मुख्य यजमान श्यामानंद मिश्रा,समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ,पंडित महादेव शर्मा,रवि राघव, जितेंद्र ठाकुर, गोरेलाल, देवेंद्र गुप्ता, कपिलदेव पंडित,संजय शुक्ला, प्रमोद यादव, नीरज शर्मा,संटू मिश्रा,राजेश ध्यानी, कमलेश गुप्ता,अनिल शर्मा सहित तमाम भगवत्प्रेमी भक्त मौजूद रहे।

## नोएडा स्टेडियम में क्रिसमस एवं न्यू ईयर कार्निवल शुरू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सेक्टर 21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में शहर का सबसे बड़ा वार्षिक एवं मनोरंजन व्यापार मेला नोएडा क्रिसमस एंड न्यू ईयर कार्निवल के नाम से शुरु हो गया है। इस कार्निवल में प्रवेश के लिए बनाया गया डिजनी वर्ल्ड प्रवेश द्वार सभी आने वालों



का मन मोह लेता है। कार्निवाल के आयोजक मुकेश शर्मा एवं रविशंकर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मेला 5 जनवरी तक चलेगा। इस कार्निवल में डेढ़ सौ से अधिक उत्पादनों के स्टाल लगाए गए हैं। राजस्थानी, गुजराती, साउथ इंडियन, पंजाबी एवं चाइनीस खाने की तमाम स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। युवा एवं बच्चों के मनोरंजन के लिए आयोजन स्थल पर तमाम तरह के झूले भूत बंगला आदि कार्निवल के मुख्य आकर्षण हैं। इस कार्निवेल में एक दर्जन से अधिक प्रदेशों से आए शिल्पकार अपने उत्पादनों का प्रदर्शन कर रहे हैं। रोबोट द्वारा संचालित डायनासोर पार्क सभी को आश्चर्य में डाल रहा है, जिसका शहरवासी भरपूर आनंद ले रहे है।

# भूमी पूजन कर आवास योजना का किया गया शुभारम्भ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सोनभद्र।** मुख्यमंत्री आवास योजना हेतु मंत्री संजीव गौड़ सपत्नीक, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने भूमि पूजन कर, आवास हेतु भूमि पूजन आवास योजना का शुभारंभ ब्लाक चोपन के ग्राम बिल्ली-मारकुण्डी में किया, इस दौरान मा0 मंत्री जी, जिलाधिकारी व ब्लाक प्रमुख, मुख्य विकास अधिकारी ने फावड़े से




योजना का किया शुभारंभ मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत समाज के गरीब, असहाय लोगों को प्रदेश सरकार उपलब्ध करा रही है पक्की छत-मा0 राज्यमंत्री संजीव गौड़ आज प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री संजीव गौड़ सत्पनीक ब्लाक प्रमुख चोपन लीला देवी, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने मुख्यमंत्री आवास योजना नींव खोदकर आवास बनाने के कार्य का शुभारंम किया, इस दौरान मा0 मंत्री जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार समाज के वंचित, गरीब व असहाय लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्की छत उपलब्ध करा रही है, इसी क्रम में आज मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को संयुक्त रूप से 40 आवास की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु भूमि पूजन का कार्य किया गया, इससे समाज के गरीब, वंचित परिवारों के जीवन स्तर में सुधार आयेगा और वह प्रगति के पथ पर अग्रसर होंगें, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को दो-दो गाय भी उपलब्ध करायी जाये, आवास में रहने के दौरान इन लोगों द्वारा गौ सेवा का पुनीत कार्य भी किया जाये, इस दौरान उन्होंने कहा कि आवास योजना के अन्तर्गत आवासों के निर्माण का कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किया जाये, जिससे कि आवास योजना के लाभार्थी शीघ्र ही अपने मकान में निवास करने की सुविधा प्राप्त कर सके। इस दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास का स्वीकृति प्रमाण-पत्र भी मा0 मंत्री जी, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी व ब्लाक प्रमुख चोपन द्वारा वितरित किया गया। इस मौके पर परियोजना निदेशक आर0 एस0 मौर्या, खण्ड विकास अधिकारी चोपन श्री मनीष मिश्रा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, तहसीलदार ओबरा, अधिशसी अधिकारी नगर पंचायत ओबरा सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# एक किलो 500ग्राम गाजे के साथ एक नफर अभियुक्त कि हुई गिरफ्तारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सोनभद्र।** जनपद में अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना ओबरा पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर



की सूचना पर ओबरा डिग्री कालेज चौराहा के पास से 01 नफर अभियुक्त मनीष कुमार पुत्र स्व0 रवि कुमार निवासी शान्तिनगर सेक्टर नं0- 10 ओबरा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 25 वर्ष के कब्जे से 01 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना ओबरा पर मु0अ0सं0 241/ 2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया। **गिरफ्तार अभियुक्तः-** 01. मनीष कुमार पुत्र स्व0 रवि कुमार निवासी शान्तिनगर सेक्टर नं0- 10 ओबरा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 25 वर्ष। **बरामदगी का विवरण-** 01. 1 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा। **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-** 01. उ0नि0 अमित कुमार त्रिपाठी, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र। 02- का0 राम सिहं यादव थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र।

# जहरखुरानी मे संलिप्त वांछित अभियुक्त को चोपन थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सोनभद्र।** अहरौरा मे एक व्यक्ति को रेनूकुट जाने के लिए उसके साथ बैठकर लोढी टोल प्लाजा आया जबकि उस व्यक्ति को नशीला बिस्किट खिलाकर अर्द्ध बेहोश कर उसका गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा थाना चोपन को विशेष निर्देश दिये गये। जिस क्रम में आज थाना चोपन पुलिस द्वारा उक्त घटना में संलिप्त वांछित अभियुक्त राजन केशरी पुत्र काशी निवासी अमाव, थाना चैनपुर, जनपद बिहार को थाना चोपन पुलिस द्वारा दिनांक-13.11.2022 को लूटी गयी साम्रगी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। **गिरफ्तार अभियुक्तः-** 01. राजन केशरी पुत्र



एटीएम, सोने का लाकेट, अंगूठी मोबाइल एवं कुछ नगद रुपया तथा एटीएम पिन की जानकारी कर रेनुकूट बैंक से 25000 /- रुपया निकाल लिया। उक्त घटना के सम्बन्ध में पीडित द्वारा थाना चोपन पर लिखित तहरीर दी गयी जिसके सम्बन्ध में थाना चोपन पर मु0अ0सं0-220/2022 धारा 328, 379, 411 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त की शीध्र केशरी निवासी ग्राम अमाव, थाना चैनपुर, जनपद कैमूर भभूआ, राज्य बिहार को अमिला मोड़, पटवध से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना चैनपुर, जनपद भभूआ बिहार में जघन्य अपराध के अभियोग पंजीकृत है एवं कई बार जेल भी जा चुका है। उपरोक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त पिन्टू उर्फ राकेश शाह पुत्र पुरेशाह काशी केशरी निवासी ग्राम अमाव, थाना चैनपुर, जनपद कैमूर भभूआ, राज्य बिहार। **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**01. प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र।03. उ0नि0 त्रिभुवन राय, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र।04. आरक्षी दिलीप कश्यप, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र।05. आरक्षी आशुतोष सिंह, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र।06. आरक्षी दीपक वर्मा, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र।

# सोनभद्र बार के वकीलों ने किया विरोध-प्रदर्शन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सोनभद्र।** कार्य बहिष्कार से कोर्ट का कामकाज रहा प्रभावित, वादकारी रहे परेशान अयोध्या बार एसोसिएशन के सदस्यों के साथ पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार का भी की। न्यायिक कार्य के बहिष्कार की वजह से कोर्ट का कामकाज प्रभावित रहा और वादकारी भी परेशान रहे। सोनभद्र बार एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शुक्ला एडवोकेट ने कहा कि अयोध्या




मामला फोटोः सोनभद्र बार एसोसिएशन भवन के समक्ष अध्यक्ष के नेतृत्व में विरोध-प्रदर्शन करते अधिवक्ता।सोनभद्र। अयोध्या बार एसोसिएशन के सदस्यों के साथ अयोध्या पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के मामले को लेकर शुक्रवार को सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शुक्ला एडवोकेट के नेतृत्व में वकीलों ने एसबीए भवन के समक्ष विरोध-प्रदर्शन किया और पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी बार एसोसिएशन के सदस्यों के साथ अयोध्या पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के मामले को लेकर समूचा उत्तर प्रदेश का अधिवक्ता आक्रोशित है। इसी के परिपेक्ष्य में सोनभद्र बार एसोसिएशन की ओर से विरोध-प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया गया है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में अमरनाथ मिश्र, सुरेश सिंह, राजीव कुमार सिंह गौतम, सुभेन्दु शुक्ला, राशिद अली, अतुल कनौजिया, भानु प्रताप चौहान आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

# जांच में 31पर्चे पाए गए वैध, एक पर्चा पर एल्डर कमेटी 13 को करेगी सुनवाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सोनभद्र।** 12 को होगी पर्चा की वापसी, प्रत्याशियों के सूची का होगा प्रकाशन 17 को टेंडर वोटिंग, 22 को मतदान व 23 दिसंबर को होगी मतगणन सोनभद्र बार एसोसिएशन वर्ष 2022-23 के निर्वाचन का सोनभद्र राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन के सभागार में शुक्रवार को विभिन्न पदों के लिए दाखिल किए गए 32 प्रत्याशियों के पर्चे की जांच की गई। जिनमें 31 पर्चे वैध पाए गए हैं, जबकि एक पर्चा सिओपी नम्बर न होने की वजह से एल्डर कमेटी के पास सुनवाई के लिए भेजा गया है। जिसपर 13 दिसंबर को सुनवाई के बाद वैधता पर निर्णय लिया जाएगा। 12 दिसंबर को पर्चा की वापसी होगी और उसी दिन प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 13 दिसंबर को प्रत्याशियों को मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाएगी। जबकि 17 दिसंबर को टेंडर वोटिंग, 22 दिसंबर को मतदान व 23 दिसंबर को मतगणना होगी। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट सुरेश सिंह ने बताया कि सोनभद्र बार एसोसिएशन चुनाव वर्ष 2022।23 के लिए अध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशियों पूनम सिंह, नरेंद्र कुमार पाठक, मनोज कुमार पांडेय, विजय कृष्ण वर्मा, उमेश मिश्रा व हेमनाथ द्विवेदी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं महामंत्री के लिए 4 प्रत्याशियों आनन्द कुमार मिश्र, शारदा प्रसाद मौर्या, अरुण कुमार सिंघल व राजीव कुमार सिंह गौतम, कोषाध्यक्ष पद के लिए 2 प्रत्याशियों मनोज कुमार मिश्र व भानु प्रताप चौहान ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु सिर्फ संजय कुमार पांडेय ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर तेजमणि पाण्डेय एवं दीपक केसरी, उपाध्यक्ष 10 वर्ष नीचे के लिए गिरजा शंकर दुबे व प्रदीप पाण्डेय ने किया है। संयुक्त मंत्री प्रशासन गीता गौर, संयुक्त मंत्री प्रकाशन शादाब आलम व संयुक्त मंत्री पुस्तकालय रितेश कुमार मिश्र ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वही कार्यकारिणी सदस्य 15 वर्ष से ऊपर के लिए सुनील कुमार, गोविंद प्रसाद मिश्र, दिनेश धर दुबे , सुशील कुमार चौबे ,मानिंद त्रिपाठी एवं महेंद्र प्रताप सिंह तथा कार्यकारिणी सदस्य 15 वर्ष से नीचे के लिए कपिल कुमार, अखिलेश कुमार मिश्र, रमाशंकर चौधरी, आशुतोष पाठक, अखिलेश कुमार मिश्र एवं संजय कुमार पाण्डेय ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस प्रकार कुल 32 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिसमें से उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे गिरजा शंकर दुबे के पर्चे में सिओपी नम्बर न अंकित होने की वजह से इसपर सुनवाई के लिए एल्डर कमेटी के पास भेजा गया है। जिसपर 13 दिसंबर को वैधता पर सुनवाई करते हुए एल्डर कमेटी अपना निर्णय देगी। उन्होंने यह भी बताया कि 12 दिसंबर को पर्चा वापसी के साथ ही प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 13 दिसंबर को प्रत्याशियों को मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद 17 दिसंबर को टेंडर वोटिंग, 22 दिसंबर को मतदान एवं 23 दिसंबर को मतगणना कराई जाएगी। इसके बाद उसी दिन एल्डर कमेटी की मौजूदगी में सभी विजयी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी।

# जांच में 31पर्चे पाए गए वैध, एक पर्चा पर एल्डर कमेटी 13 को करेगी सुनवाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन के सभागार में शुक्रवार को विभिन्न पदों के लिए दाखिल किए गए 32 प्रत्याशियों के पर्चे की जांच की गई। जिनमें 31 पर्चे वैध पाए गए हैं, जबकि एक पर्चा सिओपी नम्बर न होने की वजह से एल्डर कमेटी के पास सुनवाई के लिए भेजा गया है। जिसपर 13 दिसंबर को सुनवाई के बाद वैधता पर निर्णय लिया जाएगा। 12 दिसंबर को पर्चा की वापसी होगी और उसी दिन प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 13 दिसंबर को प्रत्याशियों को मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाएगी। जबकि 17 दिसंबर को टेंडर वोटिंग, 22 दिसंबर को मतदान व 23 दिसंबर को मतगणना होगी।मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट सुरेश सिंह ने बताया कि सोनभद्र बार एसोसिएशन चुनाव वर्ष 2022।23 के लिए अध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशियों पूनम सिंह, नरेंद्र कुमार पाठक, मनोज कुमार पांडेय, विजय कृष्ण वर्मा, उमेश मिश्रा व हेमनाथ द्विवेदी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं महामंत्री के लिए 4 प्रत्याशियों आनन्द कुमार मिश्र, शारदा प्रसाद मौर्या, अरुण कुमार सिंघल व राजीव कुमार सिंह गौतम, कोषाध्यक्ष पद के लिए 2 प्रत्याशियों मनोज कुमार मिश्र व भानु प्रताप चौहान ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु सिर्फ संजय कुमार पांडेय ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर तेजमणि पाण्डेय एवं दीपक केसरी, उपाध्यक्ष 10 वर्ष नीचे के लिए गिरजा शंकर दुबे व प्रदीप पाण्डेय ने किया है। संयुक्त मंत्री प्रशासन गीता गौर, संयुक्त मंत्री प्रकाशन शादाब आलम व संयुक्त मंत्री पुस्तकालय रितेश कुमार मिश्र ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वही कार्यकारिणी सदस्य 15 वर्ष से ऊपर के लिए सुनील कुमार, गोविंद प्रसाद मिश्र, दिनेश धर दुबे , सुशील कुमार चौबे ,मानिंद त्रिपाठी एवं महेंद्र प्रताप सिंह तथा कार्यकारिणी सदस्य 15 वर्ष से नीचे के लिए कपिल कुमार, अखिलेश कुमार मिश्र, रमाशंकर चौधरी, आशुतोष पाठक, अखिलेश कुमार मिश्र एवं संजय कुमार पाण्डेय ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस प्रकार कुल 32 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिसमें से उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे गिरजा शंकर दुबे के पर्चे में सिओपी नम्बर न अंकित होने की वजह से इसपर सुनवाई के लिए एल्डर कमेटी के पास भेजा गया है। जिसपर 13 दिसंबर को वैधता पर सुनवाई करते हुए एल्डर कमेटी अपना निर्णय देगी। उन्होंने यह भी बताया कि 12 दिसंबर को पर्चा वापसी के साथ ही प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 13 दिसंबर को प्रत्याशियों को मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद 17 दिसंबर को टेंडर वोटिंग, 22 दिसंबर को मतदान एवं 23 दिसंबर को मतगणना कराई जाएगी। इसके बाद उसी दिन एल्डर कमेटी की मौजूदगी में सभी विजयी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी।

# दो वर्ष पूर्व ७वर्षीय नाबालिग मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के पश्चात उसकी हत्या करने वाले अपराधि शिवम को मृत्युदंड कि कोर्ट ने सुनाई सजा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सोनभद्र।** कोर्ट ने दिए आदेश में जघन्यतम अपराध मानते हुए कहा कि दोषसिद्ध शिवम को फांसी के फंदे पर तब तक लटकाया जाय, जब तक कि उसकी मृत्यु न हो जाए। पॉक्सो एक्टः दोषी शिवम को मृत्युदंड - 3 अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। कोर्ट ने दिए आदेश में जघन्यतम अपराध मानते हुए कहा है कि ठदोषसिद्ध शिवम को फांसी के फंदे पर तब तक लटकाया जाय, जब तक कि उसकी मृत्यु न हो जाए।ठ वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 3




लाख 25 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद - अर्थदंड की समूची धनराशि 3 लाख 25 हजार रुपये मृतका के पिता को मिलेगी - 2 वर्ष पूर्व 7 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने का मामला सोनभद्र। दो वर्ष पूर्व 7 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म कर हत्या किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी शिवम को मृत्युदंड एवं 3 लाख 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। लाख 25 हजार रुपये मृतका के पिता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक बीजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने 7 नवंबर 2020 को बीजपुर थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी 7 वर्षीय नाबालिग लड़की 7 नवम्बर 2020 को शाम 4 बजे से घर के पास से गायब है। उसकी अपने स्तर से हर सम्भावित जगहों पर तलाश की गई किंतु उसका कहीं पता नहीं चला। बीजपुर थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी शिवम पुत्र लालमनी के साथ खेलते हुए देखा गया था। आशंका है कि उसकी बेटी को शिवम ने ही गायब किया होगा।इस तहरीर पर बीजपुर पुलिस ने अपहरण की एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पुलिस ने शिवम को हिरासत में लेकर पूछताछ किया और उसकी निशानदेही पर लड़की के शव को नाले के पास से बरामद कर लिया। शव का पोस्टमार्टम कराया गया और रिपोर्ट मिलने के बाद हत्या व पॉक्सो एक्ट के धारा की बढ़ोतरी हुई। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में शिवम के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी शिवम पुत्र लालमनी निवासी महुली, थाना बीजपुर, जिला सोनभद्र को मृत्युदंड एवं 3 लाख 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। कोर्ट ने दिए आदेश में जघन्यतम अपराध मानते हुए कहा है कि ठदोषसिद्ध शिवम को फांसी के फंदे पर तब तक लटकाया जाय, जब तक कि उसकी मृत्यु न हो जाए।ठ वही अर्थदंड की समूची धनराशि 3 लाख 25 हजार रुपये मृतका के पिता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि,सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह एडवोकेट ने बहस की।

# महिला हिंसा से संबंधित अपराध व कानून की दी गई जानकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र में जिला प्रोबेशन अधिकारी महोदय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय जेंडर अभियान के तहत महिलाओं एवम बच्चो के प्रति अपराधो के विषय में महत्वपूर्ण कानून के बारे में जानकारी हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक 112,1090,1098,181 वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में जानकारी दी गई, छात्र एवं छात्राओं को बताया कि महिलाओं को पुरुषों के समकक्ष समझा जाए बेटा बेटी में किसी प्रकार का भेदभाव ना किया जाए और बालिकाओं को अधिक से अधिक शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित





राबर्ट्सगंज के उरमौरा में स्थित आश्रम पद्धति आवासीय विद्यालय में किया गया। जिसमे जिला बाल संरक्षण ईकाई से संरक्षण अधिकारी (गै0स0) श्रीमती रोमी पाठक द्वारा दहेज उत्पीड़न,घरेलू हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न (पॉक्सो एक्ट) बाल विवाह आदि की जानकारी दी गई व सामाजिक कार्यकर्ता आकांक्षा उपाध्याय व ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ सभी हेल्पलाइन नम्बरों किया गया व लिंग भेदभाव और कुरीतियों को समाप्त करने, व महिलाओं के विरुद्ध हो रही हिंसा तथा भेदभाव को समाप्त करने के लिए सभी छात्र एवं छात्राओं को जागरूक किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती कल्पना सिंह द्वारा बताया गया की अब से सभी कक्षाओं में बालिकाओं को टोल फ्री नम्बर और महिलाओं व बच्चो के प्रति अपराधो के विषय में महत्वपूर्ण कानून के बारे में भी बताया जाएगा ताकि बच्चे अपने साथ हो रहे हिंसा के प्रति सजग रहे और आवाज उठाए।उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापिका व छात्राएं उपस्थित रहे।

# महिलाओं के यौन उत्पीड़न अपराधों पर रोक लगाने को लेकर समिति का हुवा गठन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सोनभद्र।** पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के दिए गये निर्देश के अनुपालन में ङ्कआन्तरिक शिकायत समिति ठ का गठन किया गया है। उक्त समिति के पीठासीन अधिकरी / सदस्यगण के स्थानान्तरण पर प्रस्थान कर जाने के फलस्वरुप प्रश्नगत आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए अब ङ्कआन्तरिक शिकायत समिति ठ का निम्नानुसार गठन किया जाता है।उक्त समिति में पीठासीन अधिकारी- सदस्यगण के स्थानांतरण पर प्रस्थान कर जाने के फलस्वरूप प्रश्नगत आदेश में आंशिक संशोधन करते हुये अब आन्तरिक शिकायत समिती का पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डाक्टर यशवीर सिंह के द्वारा सोनभद्र पुलिस उपाधीक्षक डा0 चारु




द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर को पीठासीन अधिकारी,म0उ0नि0 सन्तू सरोज थानाध्यक्ष महिला थाना सदस्य,महिला आरक्षी दीपिका द्विवेदी शाखा महिला सहायता प्रकोष्ठ सदस्य,महिला आरक्षी मोनिका सिंह शाखा-1090 सदस्य,सावित्री देवी अध्यक्ष महिला सुरक्षा एवं जनसेवा ट्रस्ट चोपन सोनभद्र का गठन किया गया। यह समिति कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के अपराधों को रोकने के लिये (रोकथाम निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 प्राविधानों के अंतर्गत कार्य करेंगी।

# क्षेत्र पं. सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सोनभद्र।** शुक्रवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अन्तर्गत उप-निर्देशक (पं.) विध्यांचल मीरजापुर के निर्देशन में जनपद सोनभद्र के बभनी ब्लॉक के सभागार में क्षेत्र पं. सदस्यों का प्रशिक्षण का कार्यक्रम रखा गया विकास अधिकारी पंचायत बभनी ने आज दिनांक 09-12-2022 को विन्ध्याचल मण्डल मिर्ज़पुर द्वारा आयोजित क्षेत्र पंचायत सभागार बभनी जनपद जनपद सोनभद्र मे राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना। प्रशिक्षण में आज वरिष्ठ फैकल्टी योजना एवं अन्य प्रशिक्षक विनय कुमार, भास्कर प्रसाद द्वारा सव.डी.जी. स्वदा भारत मिशन, केंद्रीय वित्त एवं मातृत्व वित्त आदि विषयों पर जानकारी दिया गया। द्वितीय दिवस को सतत विकास लक्ष्यों के अधिकारी करण एवं अस्थानीय



जो 09/12/2022 से 10/12/2022 को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत आज सुबह समय 10 बजे प्रातः स्थान बभनी ब्लाक सभागार में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजन सिंह एवं काशी- राम ठाकुर सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। जिसमें प्रशिक्षण के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दिया गया तथा सहायक डी पी आर सी सोनभद्र एवं राज्य स्तरीय प्रशिक्षक,द्वारा ,क्षेत्र पंचायत का गठन, समितियां एवं उनके कार्य,पंचायत पुरस्कार, क्षेत्र पंचायत विकास योजना, एसबीएम फेस टू आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजेश तिवारी वरिष्ठ फैकल्टी डी.पी.आर.सी. सोनभद्र ने सर्वत क्षेत्र पंचायत गठन एवं क्षेत्र पंचायत कार्य जव विषयो पर जानकारी दी जायेगी तथा द्वितीय दिवस में सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण तथा 9 विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण कार्यक्रम संयोजक - शादिक अन्सारी, रवि पाण्डेय, अखिल पटेल, मनीष पाण्डेय, राजकुमार, जेपी जयसवाल,लकी श्रीवास्तव, लकी सिंह, सूर्यकान्त साई बाबा लर्निंग लखनऊ की टीम उपस्थित रहीं।

# सीरीज गंवाई पर टीम इंडिया के लिए यादगार हो गया मैच, बने कई रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** चटगांव में खेला गया तीसरा और आखिरी मैच भारत ने 227 रन के बड़े अंतर से जीत लिया। वनडे क्रिकेट इतिहास की बात करें तो यह टीम इंडिया द्वारा तीसरी सबसे बड़ी जीत थी। हालांकि, मैच जीतने के बावजूद टीम इंडिया को यह सीरीज 1-2 से गंवानी पड़ी। टीम इंडिया ने यह सीरीज भले ही गंवा दी, लेकिन को भुनाया और भारतीय क्रिकेट में अपने नाम का एक यादगार पन्ना जोड़ दिया। किशन ने केवल 126 गेंद पर 200 रन बनाकर क्रिस गेल के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अब सबसे तेज दोहरा शतक लगाने का रिकॉर्ड इशान किशन के नाम पर है। उन्होंने इस मैच में 131 गेंद पर 210 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में 24 चौके और 10 छक्के लगाए। वनडे क्रिकेट उन्होंने 11 चौके और 2 छक्के लगाए। कोहली का यह शतक वनडे क्रिकेट में 44वां जबकि इंटरनेशनल क्रिकेट में 72वां शतक था और अब वह सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में रिकी पोंटिंग से आगे निकल चुके हैं। पोंटिंग के नाम 71 इंटरनेशनल शतक है। विराट कोहली अब बांग्लादेश की धरती पर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने श्रीलंका



इशान किशन और विराट कोहली की पारी से इस मैच में कई ऐसे रिकॉर्ड बने, जिसके कारण यह मैच हमेशा के लिए यादगार हो गया और इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया।आज हम इस मैच में बने कुछ ऐसे ही रिकॉर्ड के बारे में जानेंगे और समझेंगे कि आखिर क्यों हमें यह मैच हमेशा याद रखना चाहिए।इस मैच में रोहित शर्मा की अनुपस्थिति मे इशान किशन को प्लेइंग इलेवन में खेलने का मौका मिला। उन्होंने दोनों हाथों से इस मौके में दोहरा शतक लगाने वाले वह चौथे भारतीय बल्लेबाज बन गए। किशन से पहले रोहित शर्मा, वीरेंद्र सहवाग और सचिन तेंदुलकर वनडे क्रिकेट में 200 रन की पारी खेल चुके हैं। रोहित शर्मा सर्वाधिक 3 बार यह कारनामा कर चुके हैं। वर्ल्ड क्रिकेट की बात करें तो वह ऐसा करने वाले 9वें बल्लेबाज बन गए। इस मैच में विराट कोहली ने 2019 के बाद वनडे क्रिकेट में सेंचुरी लगाई। उन्होंने 91 गेंद पर 113 रन की पारी खेली। इस पारी में के विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगकारा को पीछे छोड़ दिया। कोहली के नाम अब 1,097 रन हो गए हैं। संगकारा 1,045 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं। इस मैच में टीम इंडिया ने 8 विकेट खोकर 409 रन बनाए, जो वनडे क्रिकेट में उनका चौथा सर्वाधिक स्कोर है। वनडे में टीम इंडिया का सर्वाधिक स्कोर 5 विकेट खोकर 418 रन है, जो उसने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2011 में इंदौर में बनाया था।

## वीराट कोहली ने बांग्लादेश की धरती पर पूरे किए हजार रन, पहले भारतीय बल्लेबाज बने

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे मैच में भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बांग्लादेश की धरती पर एक हजार रन पूरे कर लिए हैं। इस दौरे पर खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली ने तीसरे और आखिरी वनडे मैच में यह आंकड़ा पूरा किया। इसके साथ ही वह बांग्लादेश की धरती पर हजार रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं फिलहाल बांग्लादेश की धरती पर हजार रन बनाने के मामले में



कुमार संगकारा नंबर वन पर हैं। संगकारा के नाम 1,045 रन है, जबकि अब कोहली ने 75.30 की औसत और 99.59 की स्ट्राइक रेट से 1,000 रन के आंकड़े को पार कर लिया है मैच की बात करें सीरीज गंवा चुकी टीम इंडिया टॉस हारकर बल्लेबाजी कर रही है। रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में टीम इंडिया की कमान केएल राहुल के हाथों में है। इस मैच में टीम दो बदलाव के साथ उतरी है। दीपक चाहर के स्थान पर कुलदीप यादव जबकि रोहित शर्मा के स्थान पर इशान किशन को मौका मिला है। भारतीय टीम इस मैच को जीतकर क्लीव स्वीप से बचने की कोशिश करेगी।

# नीदरलैंड को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा अर्जेंटीना आठ साल में दूसरी बार तोड़ा नीदरलैंड का सपना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कतर में चल रहे फुटबॉल विश्व कप के दूसरे क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना ने नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में हरा दिया। मैच में फुल ने सेमीफाइन में अपना जगह पक्का कर लिया। सेमीफाइनल में अर्जेंटिना के सामने क्रोएशिया होगी। यह मैच 13 दिसंबर को खेला जाएगा। मैच की बात करें तो नेहुएल मोरिना ने बाउट बेघोर्स्ट ने दूसरा गोल कर दिया। मैच एक्स्ट्रा टाइम में पहुंच गया। पेनल्टी शूटआउट के दौरान नीदरलैंड के कप्तान वर्जिल वान डाइक और स्टीवन बर्गहाउस के शॉट को रोका। में नहीं डाल सके। अर्जेंटीनाः एमिलियानो मार्टिनेज (गोलकीपर), क्रिस्टियन रोमेरो, लिसेंड्रो मार्टिनेज, निकोलस ओटामेंडी, नाहुएल मोलिना, मार्कोस एक्यूना, रोड्रिगो डी पॉल,



टाइम खत्म होने के बाद गेम 2-2 की बराबरी के बाद मुकाबला एक्स्ट्रा टाइम में पहुंचा। एक्स्ट्रा टाइम में किसी टीम ने गोल नहीं किया। अंत में इस मुकाबले का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना ने मैच को 4-3 से जीत लिया। इस जीत के साथ ही अर्जेंटिना अर्जेंटीना को 35वें मिनट में 1-0 की बढ़त दिला दी। लियोनल मेसी के शानदार पास पर उन्होंने गोल किया। 73वें मिनट में मेसी ने पेनल्टी पर गोल कर दिया। वहीं, बाउट बेघोर्स्ट ने 83वें मिनट में गोल कर नीदरलैंड को मैच में वापसी करा दी। इंजरी टाइम के आखिरी मिनट (90 10वें मिनट) में वहीं, नीदरलैंड के लिए टिउन कूपमिएनर्स, बाउट बेघोर्स्ट और ल्यूक डी जॉन्ग ने गेंद को गोलपोस्ट में डाल दिया। इसके बाद अर्जेंटीना के लिए लियोनल मेसी, लियनार्डो पेरेडेज, गोंजालो मोंटियाल और लौटारो मार्टिनेज गोल करने में सफल रहे। सिर्फ एंजो फर्नांडीज गेंद को गोलपोस्ट एलेक्सिस मैक एलिस्टर, एंजो फर्नांडीज, जूलियन अल्वारेज, लियोनेल मेसी। नीदरलैंडसः एंड्रीज नोपर्ट (गोलकीपर), डेली ब्लाइंड, नाथन एके, वर्जिल वान डाइक (कप्तान), जुरियन टिम्बर, डेनजेल डम्फ्रीज, मार्टन डी रून, स्टीवन बर्गविजन, फ्रेंकी डी जोंग, कोडी गैक्पो, मेम्फिस डेपे।

# केएल राहुल के नेतृत्व में इन बदलावों के साथ नाक बचाने उतरेगी टीम इंडिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच 3 मैच की वनडे सीरीज का कारवां अब आखिरी पड़ाव पर पहुंच चुका है। सीरीज पहले ही गंवा चुकी टीम इंडिया, जब जहूर अहमद चौधरी क्रिकेट स्टेडियम में उतरेगी तो उसके सामने क्लीन स्वीप से बचने की बड़ी चुनौती होगी। रोहित की अनुपस्थिति में टीम, केएल राहुल के नेतृत्व में उतरेगी। 3 खिलाड़ी हो चुके हैं बाहर



कप्तान रोहित शर्मा सहित 3 खिलाड़ी तीसरे वनडे मैच से पहले ही बाहर हो चुके हैं। रोहित अपने अंगूठे के इलाज के लिए स्वदेश लौट चुके हैं तो दीपक चाहर और कुलदीप सेन भी तीसरे वनडे में नजर नहीं आएंगे। कुलदीप सेन दूसरा वनडे भी नहीं खेले थे, जबकि दीपक चाहर दूसरे वनडे में अपने पूरे ओवर भी नहीं कर पाए थे।ओपनिंग जोड़ी- रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में शिखर धवन और विराट कोहली ओपनिंग कर सकते हैं। हालांकि, दोनों ने दूसरे वनडे में भी पारी की शुरुआत की थी, लेकिन टीम को वह अच्छा स्टार्ट देने में कामयाब नहीं रहे थे। लेकिन तीसरे वनडे में रोहित की अनुपस्थिति में दोनों पर अतिरिक्त जिम्मेदारी होगी। मध्यक्रम में केएल राहुल ने पहले मैच में 73 रन की उपयोगी पारी खेली थी, जबकि श्रेयस अय्यर ने लगातार रन बनाए हैं। ऐसे में टीम इंडिया रोहित की अनुपस्थिति में रजत पाटीदार या राहुल त्रिपाठी में से किसी एक को मौका दे सकती ह वाशिंगटन सुंदर ने न्यूजीलैंड दौरे से लगातार अपनी ऑलराउंडर क्षमता से प्रभावित किया है। इसलिए उन्हें ड्रॉप करने का रिस्क टीम इंडिया नहीं उठा सकती। पिछले मैच में अक्षर पटेल ने भी अर्धशतकीय पारी खेली थी। यदि वह सेलेक्शन के लिए उपलब्ध रहते हैं तो उनका खेलना भी तय है। गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज के अलावा शार्दूल ठाकुर और उमरान मलिक होंगे। मलिक ने दूसरे वनडे मैच में अपनी रफ्तार से प्रभावित किया था। इसके अलावा कुलदीप यादव को भी अंतिम ग्यारह में मौका मिल सकता है। केएल राहुल (कप्तान, विकेटकीपर), शिखर धवन, विराट कोहली, रजत पाटीदार /राहुल त्रिपाठी, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, मो. सिराज, उमरान मलिक, कुलदीप यादव।

# 12 साल बाद जयदेव उनादकट की टेस्ट टीम में वापसी, घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन का मिला इनाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** सौराष्ट्र टीम के कप्तान जयदेव उनकट को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में मौका मिला है। उन्होंने हाल ही में घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया था, जिसके बाद उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। उनादकट की 12 साल बाद रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल किया गया है। शमी इंजरी के कारण पहले ही वनडे सीरीज से बाहर हो गए थे। फिलहाल उनाजकट राजकोट में हैं और जैसे ही उनके विजा संबंधी प्रक्रिया पूरी हो जाती है तो वह बांग्लादेश के लिए रवाना हो जाएंगे। बांग्लादेश के खिलाफ दो मैच की टेस्ट सीरीज का पहला मैच 14-18 दिसंबर के बीच चटगांव में खेला



भारतीय टेस्ट टीम में वापसी हुई है। उन्होंने 2010 में अपना टेस्ट डेब्यू किया था, लेकिन उस समय उन्हें सिर्फ एक मैच खेलने का मौका मिला था। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने करियर का एकमात्र टेस्ट मैच, सेंचुरियन में खेला था।इसके बाद उन्हें रेड बॉल फॉर्मेट में मौका नहीं मिला। रणजी ट्रॉफी में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बाद एक बार फिर उन्हें भारतीय टीम में खेलने का मौका मिला है। मोहम्मद शमी के स्थान पर मिला मौका जयदेव उनादकट को तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के जाएगा।जयदेव ने रणजी के 2019-20 सीजन में रिकॉर्ड 67 विकेट लेकर अपनी कप्तानी में सौराष्ट्र को चैंपियन बनाया था। इसके बाद नवीनतम विजय हजार ने ट्रॉफी में भी उन्होंने सर्वाधिक 19 विकेट लेकर सौराष्ट्र को खिताब दिलाया। एससीए अध्यक्ष ने दी प्रतिक्रिया सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जयदेव शाह ने बधाई देते हुए कहा, 'यह जानकर वास्तव में बहुत अच्छा लगा कि जयदेव उनकट को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया के लिए चुना गया है।

# राशीफल

**मेष-:**इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी। माता का सहयोग मिलेगा।

**वृष-:**इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के अवसर नजर आ रहे हैं। करोबार सुचारू रहेगा और सुधार होगा।

**मिथुन-:**मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

**कर्क-:**सप्ताह के शुरुआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। संतान सुख मिलेगा।

**सिंह-:**सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में सुखद परिणाम मिलेंगे।

**कन्या-:**इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। काम जोश के साथ करेंगे।

**तुला-:**नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों की खरीददारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक-:**इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें। किसी पुराने दोस्त से संपर्क हो सकता है।


**धनु-:**नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**मकर-:**परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ-:**मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा। शत्रुओं पर विजय मिलेगी।

**मीन-:**पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों में रुचि रहेगी।






# टूर्नामेंट आते रहते हैं, भारत-पाकिस्तान क्रिकेट की संभावनाओं पर विदेश मंत्री एस जयशंकर की दो टूक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच लगातार तनातनी का दौर जारी है। बीसीसीआइ ने अक्टूबर में जब से एशिया कप को न्यूट्रल वेन्यू पर शिफ्ट करने की बात कही है, तब से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की तरफ से अलग-अलग प्रतिक्रिया सामने आ रही है। लेकिन अब इस पर पहली बार विदेश मंत्री एस जयशंकर की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ठटूर्नामेंट आते रहते हैं और आप सरकार के रुख से अवगत हैं। देखते हैं क्या होता है। उन्होंने आज तक के कार्यक्रम पर बोलते हुए कहा कि मैं दोहराना चाहता हूं कि हमें यह कभी स्वीकार नहीं करना चाहिए कि एक देश जिसके पास आतंकवाद का अधिकार है। हमें इसे अवैध बनाना होगा। और इसके लिए देश पर अंतरराष्ट्रीय दबाव होना चाहिए। यह दबाव तब बना रहेगा, जब आतंकवाद के शिकार लोग अपनी



आवाज उठाएंगे। हमें इसमें नेतृत्व करना होगा क्योंकि हमने आतंकवाद के कारण खून बहाया है। भारत-पाकिस्तान वार्ता पर क्या बोले भारत-पाकिस्तान के बीच फिर से वार्ता शुरू करने के बारे में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि ठयह एक जटिल मुद्दा है। क्या आप मुझसे बात करेंगे अगर मैं आपके सिर पर बंदूक रख दूं? अगर आपका पड़ोसी आतंकवाद को खुलेआम मदद करता है और इसमें कुछ छिपा हुआ नहीं है कि नेता कौन हैं, शिविर कहां हैं?हमें यह कभी नहीं सोचना चाहिए कि सीमा पार आतंकवाद सामान्य है। मुझे एक और उदाहरण दें, जहां एक पड़ोसी दूसरे के खिलाफ आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा हो। ऐसा कोई उदाहरण नहीं है। एक तरह से यह असामान्य भी नहीं, बल्कि असाधारण है। इससे पहले बीसीसी की तरफ से कहा गया था कि यह सुरक्षा संबंधी मामला है और इस पर सरकार ही फैसला करेगी कि टीम इंडिया को एशिया कप के लिए पाकिस्तान जाना चाहिए या नहीं। इस पूरे मसले पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की तरफ से ये भी कहा गया था कि यदि उनसे एशिया कप की मेजबानी ली गई तो वह इस टूर्नामेंट में भाग नहीं लेगी।

# डु प्रीज ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट को कहा अलविदा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज और पूर्व कप्तान मिगनोन डु प्रीज ने सभी अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। इससे पहले उन्होंने इसी साल हुए वुमेंस वर्ल्ड कप के बाद टेस्ट और बात करें तो उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए 154 एकदिवसीय, 114 टी20 अंतरराष्ट्रीय और एक टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने एक शतक लगाया है। आखिरी बार वह साउथ अफ्रीका की जर्सी में कॉमनवेल्थ गेम्स के मैच में नजर आई थी। इस मौके पर उन्होंने



वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी, लेकिन अब उन्होंने टी20 छोड़ने का भी एलान कर दिया है। इसी के साथ उनका 16 साल लंबा अंतरराष्ट्रीय करियर खत्म हो गया है। हालांकि, 33 वर्षीय डु प्रीज टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहेंगी। प्रीज के क्रिकेट करियर की कहा कि ठअंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के 15 साल, वाह, यह कितना अच्छा रहा है। जितना मैं क्रिकेट से प्यार करती हूं, उससे दूर जाना कभी भी आसान फैसला नहीं होता, लेकिन मैं अपने दिल से जानती हूं कि मेरे लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा करने का यही सही समय है।

# बीसीसीआइ ने मीडिया राइट्स के लिए की टेंडर की घोषणा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने वुमेंस इंडियन प्रीमियर लीग आमंत्रित की है। टेंडर हासिल करने के लिए आवश्यक नियम और शर्तें जैसे योग्यता, आमंत्रण जमा करने के अनुसार टेंगर की खरीद के लिए किए गए भुगतान का विवरण न् पर ईमेल करें। यह आमंत्रण तभी साझा



सीजन 2023-2027 के मीडिया राइट्स के लिए टेंडर (निविदा आमंत्रण) जारी करने की घोषणा की है। आइपीएल की गवर्निंग काउंसिल ने एक टेंडर प्रोसेस के माध्यम से वुमेंस इंडियन प्रीमियर लीग सीजन 2023-2027 के लिए मीडिया अधिकार हासिल करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से बोली की प्रक्रिया, प्रस्तावित मीडिया अधिकार पैकेज की जानकारी 5 लाख के अलावा जीएसटी शुल्क के साथ उपलब्ध है। यह राशि नॉन रिफेंडेबल होगी। यह टेंडर 31 दिसंबर 2022 तक खरीदारी के लिए उपलब्ध रहेगा।इच्छुक पार्टियों से अनुरोध है कि वे अनुबंध ए में निर्धारित प्रक्रिया किया जाएगा, जब आवेदनकर्ता बताए गए भुगतान शुल्क जमा कर देंगे। बोली खरीदने वाले किसी भी पार्टी के लिए यह दस्तावेज खरीदना आवश्यक होगा। बीसीसीआइ के पास इस बोली को किसी भी वक्त और किसी भी परिस्थिति में रद करने या संशोधित करने का अधिकार है।

# राम चरण की फिल्म ध्रुव ने पूरे किए 6 वर्ष अभिनेता ने फोटो शेयर कर कही यह बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म आरआरआर में नजर आ चुके अभिनेता राम चरण ने अपनी फिल्म ध्रुव के 6 वर्ष पूरे होने पर एक पोस्ट शेयर कर फैंस को बधाई दी है। ध्रुव का निर्देशन सुरेंद्र रेड्डी ने किया था और यह फिल्म 2016 में आई थी। इस फिल्म में राम चरण ने एक पुलिस अफसर की भूमिका निभाई थी। यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म थी। राम चरण ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'ध्रुव' राम चरण ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, 'ध्रुव।' इसके साथ उन्होंने एक लाल दिल की इमोजी भी शेयर की है। इस पर कई लोगों ने प्रतिक्रिया भी दी है। एक ने लिखा है, 'मुझे विश्वास नहीं होता कि कितने वर्ष बीत गए।' इस फिल्म का निर्माण अल्लू सिरीश के पिता अल्लू अरविंद ने किया था। तस्वीरों में राम चरण इंटेंस लुक देते नजर आ रहे हैं। वहीं उनकी वेल टोंड फिजिक भी नजर आ रही है। राम चरण की तस्वीर को इंस्टाग्राम पर साढ़े 7 लाख से ज्यादा लाइक्स मिले हैं। वहीं इस पर 5000 के करीब कमेंट किए गए हैं।राम चरण ने कियारा आडवाणी के साथ अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने आफ्टर पार्टी की तस्वीरें भी शेयर की थी। इसके साथ उन्होंने लिखा था, 'न्यूजीलैंड का शेड्यूल को पूरा कर लिया गया है। गाने और विजुअल काफी अच्छे हैं। षणमुगम शंकर गौरी, बॉस्को मार्टिस ने इसे खास बनाया। कियारा आडवाणी बहुत खूबसूरत है। मनीष मल्होत्रा को मैं शानदार लुक के लिए बधाई देना चाहता हूं।' इस फिल्म की शूटिंग के दौरान राम चरण और कियारा आडवाणी को मस्ती करते हुए देखा जा सकता है। दोनों ने एक तस्वीर शेयर की थी। इसके साथ कैप्शन था, 'सॉन्ग शूट डाइट।' राम चरण और कियारा आडवाणी बर्गर खाते नजर आ रहे थे। राम चरण जल्द अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। उन्हें पिछली बार फिल्म आचार्य में देखा गया था। वह अपने पिता चिरंजीवी के साथ नजर आए थे। राम चरण की फिल्म आरआरआर ने बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा का व्यापार किया था। फिल्म में उनके अलावा जूनियर एनटीआर की अहम भूमिका थी। इस फिल्म का निर्देशन एसएस राजामौली ने किया था।



# फीफा वर्ल्ड कप में इस फुटबॉलर के साथ करना चाहती हैं डांस, कहा- आएगा बड़ा मजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कतर में इस समय फीफा वर्ल्ड कप 2022 चल रहा है। हाल ही में नोरा फतेही ने 29 नवंबर को फीफा फैन फेस्टिवल में लाइव परफॉर्म किया था। अब उन्होंने इस बारे में बात की है। उन्होंने अपने परफॉर्मेंस के बारे में बताते हुए कहा, 'मुझे 2 सप्ताह तक तैयारियां करनी पड़ी और रिहर्सल के बाद भी समय निकालकर अभ्यास कर रही थी। मेरे साथ 20 डांसर भी आए थे, वे भी मेरे साथ अभ्यास कर रहे थे, यहां पर मुझे बहुत अच्छा लगा। इस अवसर पर जब नोरा फतेही से पूछा गया कि अगर उन्हें मौका दिया जाए तो वह किस फुटबॉलर के साथ डांस करना चाहेंगी। इस पर उन्होंने कहा, 'मैं क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ डांस नंबर करना चाहूंगी। जब मैं उन्हें खेलते हुए देखती हूं तो मैं उनका फूटवर्क देखकर चौंक जाती हूं। उन्होंने इसके लिए कड़ी मेहनत की है। वे बहुत अच्छे डांसर हो सकते हैं। मुझे लगता है उन्होंने कुछ डांस अफ्रो से सीखा हैं। इसके लिए बहुत तेजी से फूटवर्क करना होता है और वह ऐसा कर पाते हैं। वहीं डांस परफॉर्मेंसेस की बात करें तो मुझे शकीरा का गाना बहुत अच्छा लगता है। वह बहुत अच्छा डांस करती है। जब नोरा फतेही से पूछा गया कि वह किस टीम का समर्थन कर रही है। इस पर उन्होंने कहा, 'मेरा जन्म कनाडा में हुआ है लेकिन मैं मोरक्को को सपोर्ट कर रही हूं क्योंकि मैं मोरक्कन हूं। मेरा दिल मोरक्को में बसता है। हमारी टीम अच्छा खेलती है। मुझे लगता है, वह फाइनल तक पहुंच जाएगी। नोरा फतेही ने कई फिल्मों में काम किया है। उनकी फिल्में काफी पसंद की गई है। वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय है। वह अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती हैं।




# सलमान खान ने निकाला टीना दत्ता को शो से बाहर राहुल वैद्य ने बताई सच्चाई, बोले- हां लेकिन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 में इस बार एलिमिनेशन होना तय है। घर से बेघर होने के लिए चार लोग एलिमिनेट हैं जिसमें सुम्बुल तौकीर खान, टीना दत्ता, निमृत कौर और एमसी स्टैन का नाम शामिल है। खबर है कि इस बार घर से टीना दत्ता की विदाई हो चुकी है। उनके बाहर निकलने से घरवालों को झटका लगा है, खासकर शालीन भनोट को। इसके साथ ही शुरू हो चुका है सोशल मीडिया पर कयासों का सिलसिला। टीना के एलिमिनेशन को लेकर एक्स बिग बॉस 14 कंटेस्टेंट राहुल वैद्य ने कंफर्म किया है। उनके अनुसार, टीना को मेडिकल रीजन के चलते घर से बाहर लाया गया है और वो जल्द ही घर में वापस आ जाएगी और उनका मानना है कि वह टॉप 6 या 7 में तो होंगी ही। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर लोगों ने अनुमान लगाया शुरू कर दिया कि टीना को बेघर नहीं किया जाएगा बल्कि एक सीक्रेट रूम में रखा जाएगा। हालांकि, अब ऐसा नहीं हो रहा है। बिग बॉस की लगातार अपडेट देने वाली वेबसाइट द खबरी के मुताबिक शो से टीना दत्ता को बाहर तो निकाला गया है मगर मीडिया को उनसे दूर रखा गया है। अमूमन एलिमिनेट होने वाले कंटेस्टेंट के इंटरव्यू के लिए मीडिया को बुलाया जाता है पर इस बार ऐसा नहीं हुआ जिसका मतलब साफ है कि राहुल वैद्य सही कह रहे हैं कि टीना को एलिमिनेट नहीं किया गया बल्कि किसी वजह से चलते बस कुछ दिन के लिए शो से बाहर किया गया है। बता दें कि पिछले दिनों जब खबर आई कि टीना दत्ता को शो से बाहर किया जा रहा है तब से ही उनके फैंस ने बिग बॉस 16 ना देखने की धमकी दी थी। लोगों ने सोशल मीडिया पर सलमान खान और बिग बॉस के मेकर्स को भी जमकर खरी-खोटी सुनाई थी। टीवी सीरियल उतरन में इच्छा का किरदार निभाने वाली टीना की फैन फॉलोइंग काफी जबरदस्त है। माना जा रहा था कि वो शो जीत भी सकती हैं ऐसे में फिनाले से पहले उनके बाहर होने से लोगों को तगड़ा झटका लगा।



# बॉलीवुड की इस स्टारकिड ने फ्रंट कट बिकिनी स्टाइल ड्रेस पहन मचा दिया बवाल, बार-बार देखी जा रही हैं तस्वीरें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**बी टाउन की जानी मानी अभिनेत्री जाह्नवी कपूर हमेशा ही अपने स्टाइलिश और बोल्ड लुक को लेकर चर्चा में रहती हैं। उनकी हर तस्वीर सोशल मीडिया पर आते ही इंटरनेट पर ताबड़तोड़ वायरल हो जाती है। इन दिनों जाह्नवी मालदीव में अपना वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। एक्ट्रेस लगातार मालदीव से अपनी बिकिनी तस्वीरें पोस्ट कर रही है। उनकी बोल्ड तस्वीरें फैंस को लगातार सरप्राइज दे रही हैं। इसी बीच जाह्नवी की कुछ नई ?तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की हॉटनेस बस देखते ही बन रही है। ये तस्वीरों सोशल मीडिया पर बार-बार देखी जा रही हैं जाह्नवी कपूर ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के जरिए एक बार फिर से जाह्नवी सुर्खियों में आ गई हैं। तस्वीरें आप देख सकते हैं कि जाह्नवी ने व्हाइट कलर की फ्रंट कट डिजाइन वाली ड्रेस पहनी है, जिसमें वो बेहद हॉट नजर आ रही हैं। उनकी इस ड्रेस का ऊपर पार्ट बिकिनी स्टाइल है। उनका ये वनपीस ड्रेस पीछे से पूरा बैकलेस है। इस वनपीस को पहन कर जाह्नवी कभी बैठकर तो कभी समंदर में खड़े होकर पोज दे रही हैं। इस दौरान जाह्नवी के बाल ओपन हैं और उनका लाइट मेकअप उन्हें और भी खूबसूरत बना रहा है। कुछ ही देर में एक्ट्रेस की ये फोटोज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई हैं। जाह्नवी कपूर की व्हाइट ड्रेस की इन फोटोज को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं इस पर कमेंट कर यूजर्स उनकी तारीफ करते नजर आ रही हैं। इस पर कमेंट कर यूजर्स उन्हें हॉट, बोल्ड, ब्यूटीफुल, गॉर्जियस और फायर बोल रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'आपकी खूबसूरती के आगे चांद भी फीका है।' एक लिखता है, 'जाह्नवी आप इतनी खूबसूरत कैसे हो सकती हैं।' एक ने कहा कि आपको देखकर श्रीदेवी की याद आती है। आपको बता दें कि इससे पहले यानी कल जाह्नवी कपूर ने अपनी बिकिनी तस्वीरें शेयर की ?थीं। इन तस्वीरों में जाह्नवी नियोन कलर की बिकिनी पहने हुए नजर आईं थीं। हर फोटो में वो कहर ढाती नजर आ रहीं थीं। वो समंदर के बीचो-बीचो जाल पर बैठकर बैक पोज देती दिखीं थीं। हर तस्वीर में उनका अंदाज बेहद ही कातिलाना नजर आ रहा था। एक्ट्रेस की ये तस्वीरें भी उनके मालदीव वेकेशन की थीं।



# विद्युत जामवाल अपने से 8 साल बड़ी डिजाइनर को करते हैं डेट, दिलचस्प हैं लवस्टोरी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विद्युत जमाल का आज जन्मदिन है। वह 42 वर्ष के हो चुके हैं। विद्युत जामवाल ने कई फिल्मों में अहम भूमिका निभाई हैं। वह अक्सर अपनी एक्शन फिल्मों के चलते मीडिया की सुर्खियों में छाए रहते हैं। गौरतलब है कि विद्युत जामवाल मार्शल आर्ट कलरीपायट्टु करने में पारंगत है। वह अक्सर अपनी फिल्मों में भी इनका उपयोग करते नजर आते हैं। हाल ही में विद्युत जामवाल ने अपने अफेयर को लेकर किए खुलासे से सभी को चौंका दिया था। दरअसल विद्युत जामवाल नंदिता महतानी को डेट कर रहे हैं, जिनकी उम्र 50 वर्ष है और वह विद्युत जामवाल से 8 वर्ष बड़ी है। विद्युत जामवाल ने नंदिता महतानी के साथ अपने अफेयर का खुलासा रोमांटिक तस्वीरों के साथ किया था। दोनों कई अवसर पर साथ देखी गई हैं। दोनों ही पार्टियों में भी साथ स्पॉट किए जाते हैं। वहीं विद्युत जामवाल नंदिता मेहतानी के साथ अक्सर एडवेंचर टूरिज्म करती भी नजर आती हैं। दोनों की बॉन्डिंग फैंस को काफी पसंद आती है। विद्युत जामवाल ने फिल्म कमांडो से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई हुई थी। इसके बाद वह कई फिल्मों में नजर आए। वह फिल्मों में अपने लिए एक्शन सीन भी खुद ही डिजाइन करते है। नंदिता महतानी फैशन की दुनिया में काफी फेमस है। वह उनका नाम डीनो मोरिया के साथ भी जुड़ चुका है। हालांकि बाद में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। वह फैशन डिजाइनर है। वह अक्सर सेलिब्रेटी के कपड़े डिजाइन करती हैं। उन्हें अक्सर बॉलीवुड के पार्टियों में भी स्पॉट किया जाता है। उनकी बॉलीवुड में कई लोगों से अच्छी दोस्ती है। वह करण जौहर, मनीष मल्होत्रा, सारा अली खान और कियारा आडवाणी के साथ अक्सर पार्टी करती नजर आती है।





# एक्ट्रेस श्रिया सरन ने किया चौंकाने वाला खुलासा, इस फीमेल एक्ट्रेस पर है क्रश वॉइस नोट हुआ वायरल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की फेमस फिल्म 'दृश्यम 2' ने एक बार फिर से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। दर्शकों ने जितना इस फिल्म के पहले पार्ट को पसंद किया था, उतना ही इसके सीक्वल को भी पसंद किया। फिल्म में अजय देवगन, तब्बू और श्रिया सरन की एक्टिंग को काफी पसंद किया गया। इसी बीच अब फिल्म में अहम भूमिका निभाने वाली श्रिया सरन ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। श्रिया सरन ने अपनी फीमेल क्रश के बारे में बता कर सबको हैरान कर दिया है। दरअसल, हाल ही श्रिया सरन का एक वॉइस नोट सामने आया था, जिसमें उन्हें तब्बू के बारे में अपने दिल की बात कहते हुए सुना गया था। इस वॉइस नोट में वो कहती हैं कि वो तब्बू से काफी प्यार करती हैं। जब वो पहली बार तब्बू से मिली थीं, उस वक्त भी उन्होंने काफी प्यार दिया था, जितना की वो अभी भी करती हैं। तब्बू हर बार मुझे इंस्पायर करती हैं। मुझे उन पर क्रश है। बता दें कि तब्बू अपने बारे में श्रिया से बाते सुनकर काफी हंसी और कहा ये सुनकर उन्हें काफी अच्छा लगा। बता दें कि तब्बू और श्रिया तीन फिल्मों में एक साथ काम कर चुकी हैं। एक्टिंग के साथ श्रिया सरन सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरों के साथ बिकिनी तस्वीरें भी फैंस के साथ सोशल प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करती रहती हैं। श्रिया का इंस्टाग्राम उनकी बोल्ड तस्वीरों और वीडियो से भरा हुआ है। इंस्टाग्राम पर श्रिया की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। उनका हर नया पोस्ट सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाता है।



# क्या सच में शापित थी हॉरर फिल्म द एक्सॉर्सिस्ट देखने वालों को आया हार्ट अटैक, शूटिंग के दौरान हुई 20 की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्में तो आपने बहुत सी देखी होंगी, पर क्या कोई ऐसी फिल्म के बारे में सुना है जो खुद शापित हो? अब आप सोच रहे होंगे कि हम आपको किसी फिल्म की कहानी सुना रहे हैं! तो बता दें कि एक ऐसी फिल्म है जिसे लोग शापित मानते हैं। इसका कारण है कि फिल्म इतनी डरावनी थी कि इसे देखने वाले कितने ही लोगों को सिनेमाघरों में ही हार्ट अटैक आ गया। आलम ये था कि अमेरिका में मूवी हॉल के बाहर एक एम्बुलेंस खड़ी रहती थी कि जाने कब किसे जरुरत पड़ जाए। साल 1973 में हॉलीवुड की हॉरर फिल्म 'द एक्सॉर्सिस्ट' के बारे में कहा जाता है कि फिल्म क्रिटिक्स इसे देखने सिनेमा हॉल पहुंचे और फिल्म शुरू होने के कुछ देर बाद ही वहां से भाग खड़े हुए। विलियम फ्रीडकिन की ये हॉरर क्लासिक फिल्म एक ऐसी लड़की की कहानी थी जिस पर किसी बुरी आत्म का साया था। इसके सीन इतने डरावने थे कि मूवी हॉल से सिर्फ चीखें सुनाई देती थीं। जल्द ही 'द एक्सॉर्सिस्ट' को लेकर दुनियाभर में खबरों तेजी से फैलने लग गई। हॉरर फिल्म 'द एक्सॉर्सिस्ट' को लेकर यूके की फारआउट मैग्जीन का दावा है कि जैसे ही शूटिंग शुरू हुई, अजीब घटनाएं होने लगीं। फिल्म को शापित माना गया। इसकी शूटिंग के दौरान ही सेट पर आग लग गई और पूरे शूट में सिर्फ वो बेडरूम बच गया जहां हॉरर सीन शूट किए जाते थे। इसके साथ ही दावा किया जाता है कि फिल्म की मेकिंग के दौरान इससे जुड़े 20 लोगों की अलग-अलग कारणों के चलते मौत हो गई थी। चीजें यहीं खत्म नहीं हुईं। शूटिंग समाप्त होने के कुछ समय बाद, अभिनेता जैक मैकगोवन और वासिलिकी मालियारोस, जिनके किरदार फिल्म में मारे गए थे, की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। कास्ट सदस्य लिंडा ब्लेयर और मैक्स वॉन सिडो ने भी फिल्म के दौरान अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया। सेट पर, ब्लेयर और उनकी ऑनस्क्रीन मां एलेन बर्स्टीन गंभीर रूप से घायल हो गईं। सेट पर, ब्लेयर और उनकी ऑनस्क्रीन मां एलेन बर्स्टीन गंभीर रूप से घायल हो गईं। कास्ट सदस्य लिंडा ब्लेयर और मैक्स वॉन सिडो ने भी उत्पादन के दौरान परिवार के सदस्यों को खो दिया। सेट पर, ब्लेयर और उनकी ऑन-स्क्रीन मां एलेन बर्स्टीन गंभीर रूप से घायल हो गईं। इससे भी बुरी कहानी जेसन मिलर (पिता डेमियन कर्रास) की है, जिसका बेटा शूटिंग के दौरान मोटरसाइकिल दुर्घटना में मारा गया था। लेकिन हिंसा उत्पादन में शामिल लोगों के लिए आरक्षित नहीं थी। रोम में, एक तूफान के दौरान सिनेमा की यात्रा करने वाले प्रशंसकों ने इमारत में प्रवेश किया जैसे बिजली के बोल्ट ने विपरीत चर्च को टक्कर मार दी। यूके में, एक महिला बेहोश हो गई और उसका जबड़ा टूट गया, जिससे उसने स्टूडियो पर मुकदमा दायर किया।



# बिजनेसमैन संग सगाई के बाद 'गोल्ड डिगर' कहने पर भड़की दिव्या, कहा मेरे पिछले रिलेशनशिप की बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी' विनर दिव्या अग्रवाल हमेशा ही खबरों में बनीं हुई हैं। दिव्या बिग बॉस जीतने के बाद खूब चर्चा में आई हैं। इसके साथ ही वो अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी न्यूज बनीं रहती हैं। लंबे वक्त तक एक्टर वरुण सूद को डेट करने के बाद दोनों के ब्रेकअप ने हर किसी को काफी हैरान किया। वहीं अब ब्रेकअप के बाद दिव्या को उनका नया प्यार मिल गया है। उन्होंने हाल ही में अपूर्व पडगांवकर से सगाई कर ली है। अचानक ही दिव्या की सगाई की खबर ने हर किसी को हैरान कर दिया था। लेकिन दिव्या और अपूर्व की सगाई उनके फैंस को रास नहीं आई। सोशल मीडिया पर लगातार दिव्या ट्रोलर्स के निशाने पर बनी हुई हैं। ट्रोल्स उन्हें भला बुरा बोलने के साथ ही उन्हें गोल्ड डिगर तक कह रहे हैं। वहीं अब गोल्ड डिगर कहने पर दिव्या ने रिएक्ट किया है। दिव्या अग्रवाल ने हाल ही में टाइम्स ऑफ इंडिया को अपना इंटरव्यू दिया है। इस बातचीत में उन्होंने कहा, 'अब मेरी सगाई अपूर्व पडगांवकर से हो चुकी है। ऐसे में अब फैंस और ट्रोल्स को थोड़ा संवेदनशील होना चाहिए। अब किसी को भी मेरे पिछले रिलेशनशिप की बात नहीं करनी चाहिए। आज में अपूर्व के साथ अपने आने वाले जीवन को लेकर काफी खुश हूं। उनके साथ अपनी पूरी लाइफ अच्छे से बिताना चाहती हूं।आपको बता दें कि दिव्या ने अपूर्व को पिछले करीब सात सालों से जानती हैं। दानों ने साल 2015-18 के बीच में एक दूसरे को डेट भी किया था, लेकिन उनका ये रिश्ता किन्हीं वजहों से टूट गया था। हालांकि दोनों के बीच हमेशा ही बनी रही। इसके बाद दिव्या की लाइफ में एक्टर वरुण सूद ने एंट्री की और लंबे वक्त तक एक दूसरे के साथ रिश्ते में रहे। दिव्या और वरुण की मुलाकात 'ऐस ऑफ स्पेस' के दौरान हुई थी। इसी के बाद दोनों की दोस्ती प्यार में बदली। बता दें कि वरुण सूद से पहले दिव्या अग्रवाल ने प्रियांक शर्मा को डेट किया था। आपको बता दें कि दिव्या ने इसी महीने 5 दिसंबर को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया है। उनके जन्मदिन पर ही उनके ब्वॉयफ्रेंड अपूर्व ने उन्हें प्रपोज करते हुए उन्हें रिंक पहना कर अपना बना लिया। दोनों की सगाई की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुईं थीं।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
**श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.**
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।